# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




संगम में डुबकी के दौरान हेलिकॉप्टर ने की 50 क्विंटल फूलों की बारिश

### महाकुंभ के पहले अमृत स्नान की शुरुआत13 अखाड़ों के संतों ने की

# श्रद्धा, भक्ति और परंपरा की 'त्रिवेणी' में साढ़े 3 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई 'आस्था' की डुबकी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ के पहले अमृत स्नान पर प्रयागराज में श्रद्धा,भक्ति और परंपरा का सैलाब उमड़ा। यहां करीब साढ़े 3 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस मौके पर संगम के तट पर हेलिकॉप्टर ने पुष्प वर्षा कर आध्यामिक माहौल में भारतीय परंपराओं के रंग बिखेर दिए। करीब 50 क्विंटल फूलों की वर्षा के बीच हर हर महादेव और हर गंगे का लगातार जयघोष चलता रहा। इस अमृत स्नान में सबसे पहले साधु संतों ने स्नान किए। सुबह 5 बजे से ही साधु संतों में डुबकी लगाने की उत्सुकता देखी गई। हाथों में तलवार-त्रिशूल और डमरू लिए संन्यासी हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए घाटों पर पहुंचे। जूना अखाड़ा समेत सभी 13 अखाड़ों के संतों ने स्नान किया स्नान किया।

## पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर मकर संक्रांति के पर्व पर जनता को शुभकामनाएं दी और महाकुंभ की तस्वीरें शेयर कीं। पीएम मोदी ने लिखा, कि महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम! मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

## नख से शिख तक भभूत लपेटे संगम तट पर पहुंची संतों की टोली

नख से शिख तक भभूत। जटाजूट की वेणी, आंखों में सूरमा, हाथों में चिमटा, होठों पर सांब सदाशिव का नाम। भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 शृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में अपने इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का शृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। दीक्षा की वेशभूषा दिगंबर स्वरूप में ही नागा साधुओं ने अमृत स्नान से पहले तन-मन को 21 शृंगार से सजाया।



### शृंगार का मतलब दिखावा नहीं

महानिर्वाणी अखाड़े के शंकरपुरी महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में सुहागिन 16 शृंगार करती हैं, लेकिन नागा साधु अमृत स्नान के लिए 21 शृंगार करते हैं। इसमें शरीर के साथ ही मन और वचन का भी शृंगार शामिल होता है। इसके साथ ही सर्वमंगल की कामना भी होती है। इस शृंगार का मतलब दिखावा करना नहीं होता है। नागा साधु इसे अंदर तक महसूस भी करते हैं। महादेव को प्रसन्न करने के लिए 21 शृंगार के साथ ही नागा साधुओं ने संगम में अमृत स्नान की डुबकी लगाई।

### ये है शृंगार की वजह

भभूत : क्षणभंगुर जीवन की सत्यता का आभास कराती है भभूत। नागा साधु भभूत को सबसे पहले अपने शरीर पर मलते हैं।

चंदन : हलाहल का पान करने वाले भगवान शिव को चंदन अर्पित किया जाता है। नागा साधु भी हाथ, माथे और गले में चंदन का लेप लगाते हैं।

रुद्राक्ष : रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से हुई है। नागा साधु सिर, गले और बाजुओं में रुद्राक्ष की माला धारण करते हैं।



### दिल्ली पुलिस का चौंकाने वाला खुलासा

## स्कूलों को धमकी देने वाले छात्र का अफजल गुरु से कनेक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि जिस छात्र ने राजधानी के 20 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी थी, उसका अफजल गुरु से कनेक्शन है। वही अफजल गुरु जिसे संसद पर हमले के जुर्म में फांसी दे दी गई थी। पुलिस ने कहा कि छात्र ने 400 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल भेजे थे। सीपी मधुप तिवारी ने कहा कि इस लड़के का परिवार एक एनजीओ के साथ काम करता है ।

### टीकमगढ़ः प्रेम प्रसंग का मामला

## युवक ने प्रेमिका को मारी गोली युवती गंभीर, झांसी किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



रेस्टोरेंट में युवक ने युवती को गोली मार दी। युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी रेफर कर दिया गया है। वारदात मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। 23 वर्षीय युवती सिविल लाइन रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में 24 वर्षीय कपिल तिवारी के साथ बैठी थी। बातचीत के दौरान उनकी बहस हुई और कपिल ने फायर कर दिया।

### बगीचे में ड्रग्स की फैक्ट्री और घर थी लैब

## खुदाई पर निकला 80 किलो ड्रग्स बनाने का केमिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



जिले में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने संतरे के बगीचे के बीच छिपी एमडीएमए ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गरोठ तहसील के खारखेड़ा गांव के पास स्थित इस फैक्ट्री से सोमवार को भारी मात्रा में ड्रग बनाने का केमिकल जब्त किया गया है। सीबीएन अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री दुर्गम क्षेत्र में थी, जहां वाहनों की पहुंच मुश्किल है।

### आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस पर 'मिशन मौसम लॉन्च, पीएम मोदी बोले

## आज वॉट्सएप पर मिलता है मौसम अपडेट पहले हजारों जानों को नियति कहकर टालते थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को भारतीय मंडपम में आयोजित भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के 150वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने यहां 25 मिनट की संबोधित किया। उन्होंने आईएमडी के विकास, उसके महत्व और चुनौतियों के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा- आज मौसम से जुड़ी सारी अपडेट वॉट्सएप पर मिल जाती है। पिछले 10 सालों में कई साइक्लोन आए, लेकिन हमने जनहानि को जीरो या सबसे कम करके दिखाया। पिछली सरकारों में जब ऐसी प्राकृतिक आपदाओं में हजारों जानें जाती थीं तो उसे नियति कहकर टाल दिया जाता था। भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने 'मिशन मौसम' लॉन्च किया।

10 सालों में कई साइक्लोन आए, लेकिन हमने जनहानि को जीरो या सबसे कम करके दिखाया

### अपना व्यक्तिगत अनुभव सुनाते हुए तकनीक की तारीफ की

पीएम ने कहा कि सोमवार को वो सोनमर्ग में थे, जिसका कार्यक्रम जल्दी बना था लेकिन मौसम विभाग की सारी जानकारियों से पता चला कि मेरे लिए वो समय उचित नहीं है। फिर मौसम विभाग ने मुझे बताया कि साहब 13 तारीख ठीक है तब कल मैं वहां गया, माइनस 6 डिग्री टेंपरेचर था लेकिन जितना समय मैं वहां रहा, एक भी बादल नहीं था। धूप खिली हुई थी। मौसम विभाग की सूचना के कारण इतनी सरलता से मैं कार्यक्रम करके लौटा।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नॉलजी का हुआ अभूतपूर्व विस्तार

पीएम मोदी ने कहा, वैज्ञानिक संस्थाओं में रिसर्च और इनोवेशन नए भारत के टेम्परामेंट का हिस्सा है। इसलिए पिछले 10 वर्षों में आईएमडी के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नॉलजी का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। भारत एक क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बने इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' भी लांच किया है।

## सीएम बोले- मकर संक्रांति से 28 जनवरी तक हर गांव और शहर में होगा उत्सव



### शिप्रा-नर्मदा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

भोपाल। मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदा नदी और शिप्रा नदी के घाटों पर सुबह से भी श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे। उज्जैन में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया और भगवान महाकाल का आशीर्वाद भी लिया। इसके साथ ही मंडला, खरगोन, खंडवा, जबलपुर, मंडला और छिंदवाड़ा में भी श्रद्धालु स्नान कर भगवान की पूजा अर्चना की गई।

### आरएसएस प्रमुख का बड़ा बयान

## अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ही भारत की सच्ची आजादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि भारत ने कई शताब्दियों तक उत्पीड़न का सामना किया और भारत की सच्ची स्वतंत्रता उस दिन हुई जिस दिन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। उन्होंने कहा कि हालांकि भारत को पहले ही स्वतंत्रता मिल चुकी थी लेकिन इसकी स्थापना नहीं हुई थी। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को "प्रतिष्ठा द्वादशी" के रूप में मनाया जाना चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन एक यज्ञ था और यह किसी का विरोध करने के लिए शुरू नहीं किया गया था। मोहन भागवत इंदौर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को 'राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार' दिए जाने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।



■ राम मंदिर का आंदोलन जागृत करने के लिए था

### भारत विरोधी बयान बताया

## जुकरबर्ग के बयान पर भारत सख्त, मेटा को भेजेगा समन



जुकरबर्ग ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि भारत सरकार कोविड के प्रति अपनी कमजोरी प्रतिक्रिया के कारण 2024 में चुनाव हार गई।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक कंपनी मेटा को संसदीय समिति समन भेजेगी। सूत्रों के अनुसार 20 से 24 जनवरी के बीच सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी संबंधी समिति के सामने मेटा के अधिकारियों को पेश होना होगा। इस कमेटी के अध्यक्ष भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे हैं। उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के बयान को भारत विरोधी बयान बताया। बता दें कि मार्क जुकरबर्ग ने कोविड को लेकर बयान दिया था, जिसमें भारत का भी जिक्र किया था। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में दावा किया था कि भारत सरकार कोविड के प्रति अपनी कमजोरी प्रतिक्रिया के कारण 2024 में चुनाव हार गई। निशिकांत दुबे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मेरी कमिटी इस ग़लत जानकारी के लिए मेटा को बुलाएगी।






### बर्फीली हवाओं का असरः अब रात में बढ़ेगी सर्दी, भोपाल सहित 8 जिलों में कोल्डवेव के हालात

आसमान साफ होने और हवाएं बदलने से न्यूनतम तापमान में 7 डिग्री तक आई कमी

## भोपाल, सीहोर, रतलाम, शाजापुर में चली शीतलहर रात का पारा 6 डिग्री तक गिरा, कड़ाके की सर्दी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार से मौसम साफ होने से धूप खिली। इससे दिन के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी रही, जबकि रात में बर्फीली हवाओं और ओस के असर से न्यूनतम तापमान में इतनी की कमी आई है।भोपाल सहित 8 जिलों में शीतलहर के हालात बने रहे। अगले तीन दिन प्रदेशभर में मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद 18 जनवरी को फिर से नया पश्चिमी विक्षोभ आने से मौसम में बदलाव होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 18 जनवरी को डब्ल्यूडी के असर से प्रदेशभर में मौसम फिर बदलेगा।

### *दिन का पारा औसतन 4 डिग्री तक बढ़ा*



### यहां तेजी से बदला तापमान

*मंगलवार को भोपाल, रायसेन, दमोह, जबलपुर, मंडला, नौगांव, उमरिया, मलाजखंड आदि जिलों में रात का पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरा। यहां कड़ाके की सर्दी रही। शेष जिलों में औसतन 3 डिग्री तक कमी आई है। औसत न्यूनतम पारा 8 डिग्री रहा। दिन में धूप के असर से भोपाल, बैतूल, धार, नर्मदापुरम, रायसेन, उज्जैन, सिवनी आदि जिलों में तापमान में 5 से 6 डिग्री तक वृद्धि रही।*

### *यहां कोल्डवेव के साथ तेज सर्दी रही*

*भोपाल, सीहोर, रतलाम, शाजापुर में शीतलहर का असर रहा। रात के तापमान में शहडोल संभाग के जिलों में विशेष रुप से गिरा। भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में तेजी से गिरा है। भोपाल, उज्जैन संभागों के जिलों में सामान्य से काफी कम रहा। सतना, मैहर, रीवा, सीधी, सिंगरौली, राजगढ़, पन्ना और छतरपुर जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। सबसे घना कोहरा सतना में रहा यहां विजिबिलिटी 50 मीटर तक पहुंच गई।*







# आस्था की बहार, पग-पग जय जयकार... गंगा किनारे योग, ध्यान और सत्संग की बह रही बयार

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

144 वर्षों की प्रतीक्षा, अनन्य आस्था, अगाध भक्ति, हर्ष-उमंग और भावनाओं के उमड़ते ज्वार के बीच महाकुंभ लाखों श्रद्धालुओं के जप-तप और पुण्य-मोक्ष का मार्ग बनने के साथ ही एकता के सूत्र में पिरोने वाला माध्यम बन गया। मानवता के इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षी बनने, पुण्यों को साकार करने और मानव सभ्यता के सबसे बड़े विलक्षण क्षण का साक्षी बनने की होड़ नजर आई। सियाराम जय राम, जय जय राम। गंगा मैया की जय। बोलो बजरंग बली की जय। ऐसे जयकारे महाकुंभ के मेला क्षेत्र में हर तरफ गूंज रहे हैं। अपनी आस्था के अनुसार जय-जयकार कर रहे हैं। कहीं साधुओं की टोली ढोलक की थाप पर रामधुन गा रही है, तो कहीं मंजीरे के साथ साधुओं की टोली भजन सुना रही है। लोग इन्हें अपनी आस्था के अनुसार दान भी कर रहे थे। संगम के तट पर सजे महाकुंभ में आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिकता का अद्वितीय संगम दिख रहा है। मेले में आए विदेशी श्रद्धालुओं की भागीदारी भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया के विभिन्न देशों से आए श्रद्धालु भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता से अभिभूत हो रहे हैं। गंगा किनारे योग, ध्यान और सत्संग में शामिल होकर वे अपने में आत्मशांति महसूस कर रहे हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोग भाव विभोर

महाकुंभ में केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो रहा है। नृत्य, संगीत, नाटक और कला प्रदर्शनियां महाकुंभ को और भी खूबसूरत बना रही हैं। गंगा आरती भी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही है।

## रथों के पीछे भागते रहे भक्त

किन्नर अखाड़े के संतों के पहुंचते ही संगम तट पर मौजूद लाखों की भीड़ रोमांचित हो गई। अखाड़ा मार्ग के दोनों तरफ भक्त ठसाठस भरे रहे। किन्नर संतों के आने की सूचना पर भक्त जयकारे लगाने लगे। बड़ी संख्या में भक्त उनका पैर छूने के लिए रथों के पीछे भाग रहे थे। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान लोगों को रोक रहे थे और एक किनारे कर रहे थे लेकिन लोग बैरिकेडिंग लांघकर किन्नर संतों का चरण स्पर्श करने के लिए धक्कामुक्की करते देखे गए। राजशाही तरीके से सुसज्जित रथों पर सवार होकर किन्नर संत अमृत स्नान के लिए पहुंचे। स्नान करके लौटते समय किन्नर संतों ने लोगों को निराश नहीं किया और भक्तों के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

### सुर्खियां बटोर रहीं हर्षा

## 'सबसे खूबसूरत साध्वी' का तमगा मिलने के बाद बोलीं मैं अभी साध्वी नहीं बनी



*महाकुंभ में सोशल मीडिया पर अचानक चर्चा का केंद्र बनीं हर्षा रिछारिया। सबसे खूबसूरत साध्वी के नाम से मशहूर हो रही हर्षा ने अपने पुराने वायरल वीडियो और ग्लैमरस तस्वीरों के चलते लाखों लोगों का ध्यान खींचा। लेकिन अब उन्होंने खुद को साध्वी मानने से इनकार कर दिया है। महाकुंभ में निरंजनी अखाड़े की शोभायात्रा के दौरान हर्षा को एक रथ पर साधु-संतों के बीच देखा गया। जब उनसे बातचीत हुई, तो उन्होंने खुद को साध्वी बताया और कहा कि वह पिछले दो साल से इस मार्ग पर हैं। इसी बयान का वीडियो वायरल हो गया।*

## स्नान करके जीवन सफल हो गयाः मालिनी



लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा- संक्रांति के दिन जब हमने संगम में डुबकी लगाई तो अद्भुत लगा। वाकई जीवन सफल हो गया। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं, ठहरने के लिए बहुत अच्छी व्यवस्थाएं हैं, शौचालय, वस्त्र बदलने के लिए बहुत अच्छे बूथ हैं। सुरक्षा और सफ़ाई दोनों ही हैं। मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि महाकुंभ में जरूर आएं।

## फलाहारी बाबा दंडवत परिक्रमा करते संगम पहुंचे

अभय चेतन फलाहारी उर्फ मौनी महाराज ने दंडवत परिक्रमा करते हुए संगम पहुंचे और स्नान किया। शिष्य डॉ दिव्यांशु ने बताया कि बाबा ने मकर संक्रांति का अमृत स्नान संगम तट पर दंडवत परिक्रमा कर किया। उनका संकल्प है कि अयोध्या की तरह ही काशी और मथुरा के मंदिर का निर्माण सरकार करे। संकल्प पूरा होने पर दंडवत परिक्रमा का क्रम चलता रहेगा।



## महाकुंभ का अनुभव अद्भुत और प्रेरणादायकः ईरान की महिला



*ईरान से आई महिला ने कहा- हम 9 लोगों का एक समूह हैं। हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से आए हैं। मेरे पति और मैं दुबई और लिस्बन में रहते हैं। यह हमारा पहला महाकुंभ है। हम सुबह 10 बजे पवित्र गंगा में स्नान करेंगे। कुंभ बहुत अच्छी तरह से आयोजित किया गया है। अनुभव अद्भुत और प्रेरणादायक है। हम एक खूबसूरत टेंट कॉलोनी में रह रहे हैं।*

### खबर संक्षेप

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में 44 अरेस्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में दलित महिला एथलीट से किशोरावस्था में



कई बार दुष्कर्म किए जाने के सनसनीखेज मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इस मामले में अब तक 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। 18 वर्षीय पीड़िता ने बताया था कि पिछले पांच साल में 62 लोगों ने उसका यौन शोषण किया था। उसकी आपबीती सामने आने पर पथानामथिट्टा जिले के दो थानों में कई एफआईआर दर्ज की गई थी। महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न के सिलसिले में 30 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

## अमृत ने बनाई अकाली दल वारिस पंजाब दे पार्टी

**मुक्तसर।** मेला माघी पर मुक्तसर में आयोजित सियासी कॉन्फ्रेंस के



दौरान खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल की नई पार्टी 'अकाली दल वारिस पंजाब दे' की घोषणा कर दी गई है। पार्टी का अध्यक्ष असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद सांसद अमृतपाल को बनाया गया है। पार्टी की घोषणा अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह और फरीदकोट से निर्दलीय सांसद सरबजीत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी को चलाने के लिए कमेटी बनाई गई है, वे सारा कार्यभार संभालेगी क्योंकि जेल से पार्टी चलाना कठिन है।

### गोयल ने हल्दी बोर्ड का किया उद्घाटन

## 5 साल में दोगुना उत्पादन करने का लक्ष्य, 20 लाख टन उत्पादन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड अगले पांच साल में हल्दी का उत्पादन दोगुना कर 20 लाख टन तक पहुंचाने में मदद करेगा। साथ ही, हल्दी के निर्यात को बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में नए अवसर तलाशने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। मंत्री गोयल ने पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड का पहला अध्यक्ष नियुक्त करने की भी जानकारी दी। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का मुख्यालय निजामाबाद में स्थापित किया गया है। उन्होंने इसे एक शुभ दिन बताते हुए कहा कि यह बोर्ड हल्दी किसानों के जीवन को

### हल्दी किसानों को होगा फायदा

*केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि हल्दी को 'गोल्डन स्पाइस' कहा जाता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों की आय बढ़ाने और हल्दी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है। हल्दी बोर्ड महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय सहित 20 राज्यों में हल्दी किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान देगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को हल्दी उत्पादन के लिए खास क्षेत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि इन राज्यों में उत्पादन बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं।*

### दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक-निर्यातक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। भारत की वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी 62फीसदी से ज्यादा है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 226.5 मिलियन डॉलर मूल्य की 1.62 लाख टन हल्दी और हल्दी से बने उत्पादों का निर्यात किया। गोयल ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के प्रयासों से हल्दी किसानों की आय में वृद्धि होगी और भारत का हल्दी उत्पादन और निर्यात नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।



## कर्नाटक की मंत्री लक्ष्मी की कार पेड़ से टकराई

बेंगलुरु। कर्नाटक की मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर मंगलवार सुबह बेलगावी जिले में एक पेड़ से टकराने के बाद एक बड़ी दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं। यह दुर्घटना सुबह करीब 5 बजे कित्तूर के पास एक राजमार्ग पर हुई, जबहेब्बलकर के ड्राइवर ने सड़क पार कर रहे एक कुत्ते से टकराने से बचने की कोशिश की। दुर्घटना में टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद कार के सभी छह एयरबैग खुल गए।




## खबर संक्षेप

### इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति



**येरूशलम।** इजराइल और हमास के बीच पिछले 15 महीने से जारी युद्ध अब समाप्ति की कगार पर है। कतर दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। कतर ने गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए एक ड्राफ्ट प्रपोजल तैयार किया है। समझौते के मुताबिक, पहले चरण में 33 बंधकों की रिहाई की जाएगी। इसमें बच्चे, महिलाएं, महिला सैनिक, 50 से अधिक उम्र के पुरुष और घायल व बीमार लोग शामिल होंगे। इजराइल को उम्मीद है कि ज्यादातर बंधक अभी जीवित हैं।

### सिंगापुर के राष्ट्रपति 5 दिवसीय भारत दौरे पर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम पांच दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को भारत पहुंचे। राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उनके साथ मंत्रियों, सांसदों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है। वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। राष्ट्रपति उनके सम्मान में प्रीतिभोज का आयोजन करेंगी।

अखनूर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में 9वें सशस्त्र बल वेटरन्स डे कार्यक्रम में रक्षा मंत्री बोले

# जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा यह भारत के माथे का मुकुट मणि सा

एजेंसी ▶▶ अखनूर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर स्थित अखनूर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में 9वें सशस्त्र बल वेटरन्स डे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अखनूर सीमा क्षेत्र में 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक हेरिटेज म्यूजियम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2025 का यह वर्ष 1965 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध का डायमंड जुबली ईयर (हीरक जयंती वर्ष) है।




» पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जा रहा

» पाकिस्तान आज भी अवैध घुसपैठ और आतंकवाद को हवा दे रहा



अखनूर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू में हेरिटेज म्यूजियम का उद्घाटन किया।

### पीओके से चल रहा भारत विरोधी एजेंडा

*पीओके में रह रही अवाम को एक सम्मानजनक जीवन जीने से महरूम रखा जा रहा है। उन्हें मजहब के नाम पर हिंदुस्तान के ख़िलाफ़ बरगलाने और उकसाने की कोशिश, पाकिस्तान के हुक्मरानों द्वारा की जा रही है। हाल में ही पीओके के इल्लिगल वजीरे आजम अनवारुल हक ने हिंदुस्तान के खिलाफ जो जहर उगला है, वह पाकिस्तान की ही साजिश का हिस्सा है।*

### आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप

*पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद का खतरनाक कारोबार चलाने में किया जा रहा है। वहां आज भी आतंकवादियों के लिए ट्रेनिंग कैंप चल रहे हैं। सीमा से सटे इलाकों में लांच पैड बने हुए हैं। भारत सरकार को सब पता चल रहा है। पाकिस्तान को इनको खत्म करना होगा।*

### लोगों ने पाक का नहीं दिया साथ

*रक्षा मंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ और आतंकवाद को हवा देने का काम 1965 के जमाने से पाकिस्तान करता आया है। उसकी यही उम्मीद रही है कि जम्मू एवं कश्मीर में जो मुस्लिम आबादी है वह पाक फौज के साथ खड़ी होगी। मगर न 1965 में यहां के लोगों ने पाकिस्तान का साथ दिया, न ही आतंकवाद के उस दौर में साथ दिया।*

### 80 फीसदी आतंकी पाक से आ रहे

*रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने आज तक आतंकवाद का दामन नहीं छोड़ा है। आज भी अस्सी फीसदी से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से ही भारत में आते हैं। सीमा पार से जारी आतंकवाद 1965 में ही समाप्त हो गया होता, यदि तत्कालीन सरकार ने जंग के मैदान में मिली कई स्ट्रैटेजिक एडवांटेजेस को बातचीत की मेज पर स्ट्रैटेजिक डिसएडवांटेजेस में न बदल दिया होता।*

स्पेन में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

## समान विचार वाले देशों को साथ आना जरूरी



एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने स्पेन में कहा कि भारत की भूमध्यसागर क्षेत्र में गहरी रुचि है और इस क्षेत्र के साथ भारत का वार्षिक व्यापार लगभग 80 बिलियन डॉलर है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत भूमध्यसागर क्षेत्र में और अधिक सक्रिय रूप से दिखाई देगा और इस प्रक्रिया में भारत को स्पेन के समर्थन की बहुत जरूरत होगी। डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और स्पेन के बीच वर्तमान में द्विपक्षीय व्यापार 10 बिलियन यूरो सालाना है। उन्होंने रेलवे, ऑटोमोबाइल, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष जैसे सहयोग के नए क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि संभावना है कि यह बढ़ेगा। वर्तमान समय में वैश्विक स्थिति अस्थिर है।

### 9वें वार्षिक सम्मेलन को किया संबोधित

*सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि स्पेन के विदेश मंत्री ने उन्हें एक वैश्विक सम्मेलन में देश के राजदूतों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया था। यह पहली बार है कि किसी विदेशी राजदूत को स्पेन के वैश्विक राजदूतों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने मैड्रिड में राजदूतों के 9वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित किया।*

'परीक्षा पे चर्चा': पीएम मोदी और छात्रों के बीच संवाद

## कार्यक्रम के लिए रिकॉर्ड 3.25 करोड़ पंजीकरण बड़ी संख्या में विदेशी छात्र भी शामिल हो रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और छात्रों के बीच संवाद का कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए हर बार की तरह इस बार भी काफी छात्रों में काफी उत्साह है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी 2025) का हिस्सा बनने के लिए अभी तक परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने के लिए 3.25 करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराए हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पीपीसी में पंजीयन कराने वालों में बड़ी संख्या में विदेशी छात्र भी शामिल हैं।



### स्कूल स्तर पर कई गतिविधियां

पीपीसी की भावना के अनुरूप, 12 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी 2025 (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहन देना और परीक्षाओं को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करना है।

### पंजीकरण का आज आखिरी दिन

*पीपीसी 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगोवडॉटइन पर 14 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुआ। 14 जनवरी, मंगलवार को पंजीकरण का आखिरी दिन है, इसके बाद पंजीकरण प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी।*

राजौरी में एलओसी के पास धमाका

## 6 सैनिक घायल, गलती से रखा लैंडमाइन पर कदम, हालत स्थिर

एजेंसी ▶▶ राजौरी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक लैंडमाइन विस्फोट में छह सैनिक घायल हो गए। यह घटना राजौरी के नौशेरा सेक्टर में मंगलवार सुबह करीब 10:45 बजे हुई। एक अधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान एक सैनिक ने गलती से लैंडमाइन पर कदम रख दिया जिससे यह धमाका हुआ और छह सैनिक घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति स्थिर बताई है। भारतीय सीमा के पास एलओसी क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए लैंडमाइन लगाए जाते हैं ताकि घुसपैठ और आतंकवादी गतिविधियों को रोका जा सके। लेकिन बारिश और अन्य कारणों से कुछ लैंडमाइन अपनी जगह से हटकर दूसरे स्थान पर चले जाते हैं, जिन्हें "ड्रिफ्ट माइन" कहा जाता है। इस तरह के हादसे ऐसे लैंडमाइन की वजह से होते हैं। हाल के महीनों में जम्मू-कश्मीर में सेना और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों उनके सहयोगियों और समर्थकों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाए हैं। यह अभियान तब तेज किया गया जब आतंकवादियों ने पिछले चार महीनों में सेना, सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले किए।



भारत-नेपाल ने दी संबंधों को मजबूती

## संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्यकिरण का सफलतापूर्वक समापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल की सेना बीच 31 दिसंबर से चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्यकिरण' 13 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इसका आयोजन रूपन्देही जिले के सलझंडी में किया गया।



समापन पर चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप जंग केसी ने सैन्य अभ्यास को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों का आभार व्यक्त किया। संयुक्त अभ्यास के निदेशक ब्रिगेडियर जनरल सूरज गुरुंग ने संयुक्त अभ्यास के बारे में जानकारी दी।

### 668 सैन्य कर्मियों ने अभ्यास में हिस्सा लिया

*दोनों देशों के कुल 668 सैन्य कर्मियों ने अभ्यास में हिस्सा लिया जिसमें नेपाली टोली का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल निरंजन कटवाल ने किया जबकि भारतीय सेना का नेतृत्व कर्नल जपेंद्र पाल सिंह ने किया। लेफ्टिनेंट जनरल केसी ने हुए अभ्यास की जानकारी दी। के दौरान दोनों देशों की सैन्य टीम द्वारा प्रदर्शित पेशेवर क्षमता, उच्च स्तर की समर्पण और सामूहिक प्रतिबद्धता की सराहना की।*

## गुलाबी पदार्थ से आग बुझा रहा अमेरिका



*लॉस एंजेलिस। लॉस एंजेलिस में हवाई जहाज से आग पर गुलाबी यानी पिंक रंग का लिक्विड गिराया जा रहा है। दरअसल ये एक फ़ायर रिटार्डेंट है, यानी ऐसा पदार्थ जो आग लगने या जलने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है। यह गुलाबी पदार्थ पानी, साल्ट्स (केमिकल) और उर्वरकों का मिश्रण है। इसमें मूल रूप से अमोनियम फॉस्फेट मिला हुआ घोल होता है। आग के जलने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है। यह रासायनिक मिश्रण आग को मिलने वाली ऑक्सीजन को रोक देता है। इससे आग तेजी से नहीं फैलती।*



## चिंतन

# तापमान में कटौती के उपायों पर अमल हो

वर्ष 2024 भारत और विश्व के लिए सबसे गर्म वर्ष रहा। जलवायु संकट के प्रति गंभीर लोगों, संस्थाओं और देशों के लिए यह चिंता की बात है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक समारोह में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की महासचिव सेलेस्टे साउलो ने एक गंभीर बात कही है कि पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है। पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिस पर 2016 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में हस्ताक्षर किए गए थे। इस संधि के दायरे में जलवायु परिवर्तन को सीमित करना, अनुकूलन और वित्त शामिल हैं। इस समझौते के अनुरूप ही विकसित देशों को क्षतिपूर्ति के तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए मुआवजा देने की बात हुई थी। बाद में अमेरिका ने क्षतिपूर्ति राशि पर सवाल उठाया था। वर्ष 2016 के बाद से हर वर्ष जलवायु सम्मेलन में वित्त पोषण के प्रारूप और कोष बनाने पर बात हुई, पर जिम्मेदार विकसित देशों की आनाकानी के चलते बात आगे नहीं बढ़ सकी है। ऐसे में डब्ल्यूएमओ प्रमुख का विश्व के बढ़ रहे तापमान पर चिंता जताना विश्व के लिए बड़ी चेतावनी है। पिछले सीओपी सम्मेलन में वित्त पोषण पर सहमति बनी है, पर अमल नहीं है। जलवायु संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कटौती वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व डेवलपमेंटल एजेंडा बनना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। विश्व के सभी प्रमुख देश चिंता जरूर जताते हैं, पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाते हैं। भारत ग्रीन तकनीक अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, पेरिस करार में प्रमुख भागीदार है, सरकार कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर कृतसंकल्प भी है, इसके बावजूद वर्ष 2024 में भारत ने लंबे समय तक भीषण गर्मी का सामना किया, जिससे मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल आपूर्ति और ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत बुरा असर पड़ा। भारी मानसूनी बारिश ने व्यवधान पैदा किया और लोगों की जान गईं, जैसा कि हमने जुलाई में केरल में हुए दुखद भूस्खलन में देखा। हाल ही में, देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। 2024 ऐसा पहला कैलेंडर वर्ष बना, जिसका औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक काल के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पेरिस समझौता खत्म हो गया है, यह बहुत गंभीर खतरे में जरूर है। डब्ल्यूएमओ के छह डेटासेट के समेकित विश्लेषण के अनुसार, वैश्विक औसत सतह तापमान 1850-1900 के औसत से 1.55 डिग्री सेल्सियस अधिक था। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी ने पिछले सप्ताह कहा कि इसका अर्थ यह है कि धरती ने पहली बार ऐसा कैलेंडर वर्ष देखा है, जिसमें वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 की आधार रेखा से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यह वह अवधि थी, जब जीवाश्म ईंधनों के जलने जैसी मानवीय गतिविधियों से जलवायु पर काफी असर पड़ना शुरू हो गया। हालांकि, पेरिस समझौते में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा का स्थायी उल्लंघन 20 या 30 वर्ष की अवधि में दीर्घकालिक तापमान वृद्धि को संदर्भित करता है। डब्ल्यूएमओ प्रमुख का सुझाव सराहनीय है कि दुनिया को 2025 को ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने की रफ्तार तेज करने के वास्ते निर्णायक जलवायु कार्रवाई के वर्ष के रूप में चिन्हित करना चाहिए। भारत समेत दुनिया जलवायु संकट की ज्वालामुखी पर बैठी है, ऐसे में कार्बन उत्सर्जन में तत्काल कटौती के पेरिस करार में लक्षित उपायों को अपनाने की जरूरत है।

## 26 जनवरी

विवेक शुक्ला



# किन राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाता है गणतंत्र दिवस के लिए निमंत्रण

भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उपस्थिति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण तरीका है। देखा जाए तो गणतंत्र दिवस पर राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना, भारत और उस देश के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने का एक अवसर है। कुछ मामलों में, यह निमंत्रण रणनीतिक साझेदारों के साथ संबंधों को गहरा करने का एक तरीका है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां साझा हित हैं। गणतंत्र दिवस एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां भारत अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ जुड़ सकता है और वैश्विक मुद्दों पर अपनी राय रख सकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक विविधता और प्रगति को प्रदर्शित करने का एक मंच है। एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। यह निमंत्रण सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब आमंत्रित राष्ट्राध्यक्ष भारतीय संस्कृति, परंपराओं और उपलब्धियों को करीब से देख पाते हैं। एक बात और कि कभी-कभी एक राजनीतिक संकेत भी हो सकता है। महत्त्वपूर्ण है कि कभी-कभी किसी विशिष्ट वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए एक विशेष राष्ट्राध्यक्ष को आमंत्रित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत और उस देश के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की वर्षगांठ, या किसी महत्वपूर्ण समझौते की वर्षगांठ। संयोग से पहले गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि थे। वे भारत के मित्र होने के साथ-साथ एक करिश्माई नेता थे, जिन्होंने इंडोनेशिया को डच औपनिवेशिक शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार ने उन्हें बहुत सोच-विचार करने के बाद देश के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया था। सउनके भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू,उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक और कई अन्य नेताओं से गहरे संबंध थे। उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत का पहला गणतंत्र दिवस समारोह राजधानी के नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया गया था। पहले और 75वें गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरे संबंधों का एक स्पष्ट प्रमाण है। यूं तो गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मुख्य अतिथि रहे हैं, पर दक्षिण अफ्रीका के मुक्ति योद्धा नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली का कर्तव्य पथ पर सबसे गर्मजोशी से उपस्थित अपार जनसमूह ने स्वागत किया। मंडेला 1995 में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। मंडेला जब तक परेड का आनंद ले रहे थे, तब वहां मौजूद दर्शक मंडेला के नारे लगा रहे थे। कहने वाले कहते हैं कि गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का मंडेला से अधिक उत्साह से स्वागत नहीं हुआ है। गणतंत्र दिवस परेड का लंबे समय तक आंखों देखा हाल सुनाने वाले जसदेव सिंह बताते थे कि मंडेला की तरह कर्तव्य पथ पर उपस्थित अपार जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी करतल ध्वनि से अभिनंदन किया था। वे 1978 के गणतंत्र दिवस समारोह में खास अतिथि थे। उस गणतंत्र दिवस समारोह में कहने को मुख्य अतिथि आयरलैंड के राष्ट्रपति प्रेट्रिक हिलेरी थे, पर सबकी निगाहें मोहम्मद अली को तलाश कर रही थीं। मोहम्मद अली परेड के शुरू होने से चंद मिनट पहले ही अपने स्थान पर विराजमान हो गए थे। उनके राजपथ पर आने की सूचना लाउड स्पीकर से होते ही वहां पर मौजूद हजारों लोगों ने हर्षध्वनि से उनका अभिनंदन किया। चीन से 1962 में हुए युद्ध में उन्नीस रहने के कारण देश उदास था। उसकी अभिव्यक्ति 1963 की गणतंत्र दिवस परेड के फीकेपन में भी नजर आ रही थी। राजपथ से लेकर परेड के शेष हिस्सों में जनता की भागेदारी कम रही थी। उस साल बाल वीर पुरस्कार भी नहीं दिए गए थे। ये पुरस्कार 1959 में दिए जाने चालू हुए थे। बहरहाल, भारत आगे भी मित्र देशों के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोहों में आमंत्रित करता रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सेना दिवस

डॉ. एल. एस. यादव

# निरंतर मजबूत होती भारतीय सेना

भारतीय सेना ने देश को सही मायने में अखंड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है। अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी। इसके लिए भारत ने पूर्वी लद्दाख में गोला बारूद के भंडार को बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसीलिए सेना ने पर्यावरण मंत्रालय से गोला बारूद के भंडारण की अनुमति मांगी थी। सेना की रेजिमेंट और कोर को आर्म्स और सर्विसेज में बांटा गया है। आर्म्स में इन्फैन्ट्री, आर्मर्ड कोर, तोपखाना, इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन कार्प्स, और मिलिट्री इंटेलीजेंस शामिल हैं।

पंद्रह जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परंपरा की शुरूआत हुई। भारतीय सेना ने देश को सही मायने में अखंड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है।

चीन से चल रहे तनाव को देखते हुए अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी। इसके लिए भारत ने पूर्वी लद्दाख में गोला बारूद के भंडार को बढ़ाने का निर्णय लिया है, क्योंकि भारत चीन सीमा विवाद के चलते सेना की ताकत में इजाफा करना जरूरी है, इसीलिए सेना ने पर्यावरण मंत्रालय से गोला बारूद व सैन्य उपकरणों के भंडारण की अनुमति मांगी थी। इसके लिए अभी हाल ही में 21 दिसंबर को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई थी जिसमें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने सेना के प्रस्ताव पर विचार करते हुए 'हानले' और 'फोटी ला' के पास गोला बारूद भंडारण सुविधा की स्थापना किए जाने की अनुमति प्रदान कर दी। इसके अलावा सैन्य उपकरणों के भंडारण के लिए भूमिगत गुफाओं के बनाए जाने के लिए स्वीकृति दे दी। यही नहीं लुकुंग में मजबूत सैन्य उपस्थिति किए जाने का प्रस्ताव पेष किया गया।

यह बुनियादी ढांचा चांगथांग उच्च ऊंचाई वाले शीत मरूस्थल अर्थात ठंडे रेगिस्तान के वन्यजीव अभयारण्य और काराकोरम नुब्रा श्योक वन्यजीव अभयारण्य में विकसित किया जाएगा। इस निर्माण का उद्देश्य गोला-बारूद की आपूर्ति में तेजी लाना है, जिससे यौद्धिक अवसर के समय संचालनगत तैयारी को विना विलम्ब के निश्चित किया जा सके। विदित हो कि प्रस्तावों के तहत आने वाले दोनों अभयारण्य वन्यजीवों के निवास स्थान हैं। रक्षा अवसंरचना के लिए निर्धारित स्थान संरक्षित क्षेत्रों की श्रेणी में आते हैं। इस कारण वे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की घारा 29 के अधीन हो जाते हैं, इसीलिए रक्षा मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि इस क्षेत्र को कोई नुकसान न पहुंचे। सेना ने ये प्रस्ताव पिछले वर्ष दिए थे और कहा था कि इन क्षेत्रों में लड़ाकू सेनांगों को आगे बढ़ाने की जरूरत है, जिससे सैन्य अभियान के समय मदद मिल सके। यह ऐसा क्षेत्र है जहां सेना की कुछ इकाइयां तैनात हैं। उल्लेखनीय है कि फोटी ला, कोयुल, पुंगुक और हानले आदि अग्रिम क्षेत्रों में सैन्य तैनाती है। फोटी ला अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय दर्रों में से एक है। यह हानले से तकरीबन 30 किलोमीटर दूरी पर है और डेमचोक का मार्ग भी है। अभी फोटी ला से 300 किलोमीटर और हानले से 250 किलोमीटर दूरी पर अस्थायी रूप से गोला बारूद एकत्र किया जाता है, इसलिए आपूर्ति में देरी होती है और संचालनात्मक प्रक्रिया में विलम्ब होता है।



भारतीय सेना अब अत्याधुनिक सुधार करके नई ताकत वाली सेना बनेगी। इसके लिए चालू वर्ष 2025 लागू किए जाने वाले सुधारों का खाका तैयार कर लिया गया है। अब भारतीय सेना कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के माध्यम से स्वदेशी सामानों का उपयोग तथा रक्षा कूटनीति को बढ़ावा देने पर ध्यान देगी। इसके लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के लिए वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है। यह कार्य सेना के लिए अधिक चुस्त, तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार रहने के हेतु एक नए बदलाव का संकेत है। यह दीर्घकालिक पहल को प्रोत्साहन प्रदान करने वाला है। नए सुधारों के लिए सेना का व्यापक दृष्टिकोण पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा। ये स्तंभ संयुक्तता व एकीकरण, सुरक्षा बलों का पुनर्गठन, सैन्य आधुनिकीकरण व प्रौद्योगिकी, संचार प्रणाली व प्रक्रियाएं तथा मानव संसाधन व प्रबंधन हैं। विदित हो कि सेना ने इससे पहले वर्ष 2023 को परिवर्तन का वर्ष एवं वर्ष 2024-25 को प्रौद्योगिकी अपनाने का वर्ष घोषित किया था। भारतीय सेना की असॉल्ट राइफल की कमी भी अब दूर हो जाएगी। इस कमी को दूर करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' को तैयार कर दिया है। इसे मात्र 100 दिनों में ही डीआरडीओ ने तैयार किया है। यह शत्रु को 500 मीटर की दूरी से मार गिराएगी। इसका वजन चार किलोग्राम है। इसमें 20 राउंड गोलियों की मैगजीन को लोड किया जा सकता है। यह सिंगल और फुल आटो मोड में फायर कर सकती है। यह 7.62 मिलीमीटर कैलिबर वाली राइफल है। सेना को ऐसी ही राइफलों की जरूरत है। तभी दिसंबर 2023 में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने इसी कैलिबर की यूएस निर्मित 70000 असॉल्ट राइफलों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। इस राइफल को सेना, अर्धसैनिक बलों और राज्यों की पुलिस इकाइयों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है। तोपखाना भारतीय सेना की एक बड़ी लड़ाकू सहायता शाखा है। यह शाखा इन्फैन्ट्री के बाद दूसरी सबसे बड़ी शाखा है। इस रेजिमेंट में विभिन्न कैलिबर की बन्दूकें, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मोर्टार और मानव रहित हवाई प्लेटफॉर्म शामिल हैं। तोपखाना रेजिमेंट में महिलाओं को शामिल करने का निर्णय गत वर्ष लिया गया था।

विदित हो कि सेना की रेजिमेंट और कोर को आर्म्स और सर्विसेज में बांटा गया है। आर्म्स में इन्फैन्ट्री, आर्मर्ड कोर, तोपखाना, इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन कार्प्स, और मिलिट्री इंटेलीजेंस शामिल हैं। सरकार के इस निर्णय से महिलाएं लगभग सभी सैन्य विभागों में सेवाएं देंगी। विदित हो कि भारतीय सेना ने लद्दाख सीमा के न्योमा सैन्य स्टेशन पर नए लड़ाकू टैंक, तोपें और आर्म्ड व्हीकल तैनात कर दिए हैं।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड परसनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित

**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों नहीं होता? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है, इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते हैं। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं, मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारों का अभाव होता है, वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

## छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित

**प्रेरणा**

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुंचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूं, लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएंगी। आदमी ने देखा कि समुद्र तट पर दूर-दूर तक मछलियां बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियां पड़ी हुई हैं। इस तरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले, लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे-छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि यह समय की बर्बादी है?

## सटाका




## आज की पाती

### खानपान ही स्वास्थ्य निर्धारित करता है

उत्तर भारत के कुछ राज्यों में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। लोहड़ी के अगले दिन मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने, खाने-खिलाने का रिवाज और परंपरा है। हमारा खानपान ही हमारे स्वास्थ्य को निर्धारित करता है। अच्छा खानपान अच्छा स्वास्थ्य देता है और गलत खानपान हमें बीमार करता है। जब भी मौसम बदलता है तब हमें विशेषज्ञ डॉक्टर खानपान पर और ज्यादा ध्यान देने की बात करते हैं। मकर संक्रांति हमें शुद्ध खानपान की शिक्षा देती है। हमारे बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि लोहड़ी के बाद सर्दी की विदाई का समय आ जाता है। त्योहारों पर तरह-तरह के व्यंजन भी बनाए जाते हैं। यह व्यंजन सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। फास्ट फूड की ओर बढ़ने के बजाय परंपरागत व्यंजन बेहतर हैं। *- मनीष शुक्ला, भिलाई*

## ट्रेंड

### आपदाओं से बेहतर निपट रहे



हमने आपदा प्रबंधन में मौसम विज्ञान की अहमियत को समझा है और यही वजह है कि आज हम आपदाओं से और बेहतर तरीके से निपट रहे हैं। अपनी उपलब्धियों के आधार पर, हम मौसम विज्ञान संबंधित पहलुओं को आधुनिक बनाना चाहते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सालगिरह की शुभकामनाएं



भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहली सालगिरह की शुभकामनाएं। मणिपुर से मुंबई तक हमने अन्याय के हर रूप को देखा, हर वर्ग की तकलीफ को समझा। न्याय के लक्ष्य से चले थे-बदलाव आया, भारत जाग उठा, अपने हक़ के लिए लड़ा।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### पोप का धन्यवाद



मुझे बाल श्रम के मुद्दे पर अतीत में पोप से हमारी उत्साहजनक बैठकें और बातचीत याद है। मैं दुनिया के सबसे हाशिये पर पड़े, बहिष्कृत और उत्पीड़ित बच्चों के प्रति आपकी करुणा को गहराई से धन्यवाद और प्रशंसा करता हूं।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### देश से की गद्दारी



बीजेपी ने देश से की गद्दारी। पिछले साढ़े 10 साल से केंद्र सरकार में बीजेपी के ही गृह, रक्षा और विदेश मंत्री हैं बीजेपी की केंद्र सरकार ने देश की सीमाओं को कमजोर करके बांग्लादेशी और रोहिंग्या को बसाया है। बीजेपी ने भारत मां से ग़द्दारी की है।

-संजय सिंह, आप नेता

## करंट अफेयर

# नेपाल में 'माघे संक्रांति' का त्योहार मनाया गया



नेपाल में मंगलवार को थारू, मगर और नेवार सहित कई समुदायों ने 'माघे संक्रांति' या 'मकर संक्रांति' का त्योहार मनाया। विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार, माघ महीने के पहले दिन मनाया जाने वाला यह त्योहार 'उत्तरायण' की शुरुआत का प्रतीक है। इस दौरान रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। इस दिन स्नान, ध्यान, दान और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियां अत्यधिक लाभकारी मानी जाती हैं। 'माघे संक्रांति' स्नान में भाग लेने के लिए श्रद्धालु देवघाट, त्रिशूली, काली गंडकी, बागमती, इंद्रावती, त्रिवेणी और रिडी जैसे पवित्र स्थलों पर उमड़ते हैं। लोग मुख्य रूप से इस दिन मिठाई, दूध, फल और अन्य विशेष व्यंजन चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा करते हैं। काठमांडू घाटी के नेवार समुदाय के लोग इस दिन पारंपरिक व्यंजन जैसे घी, तिल, शकरकंद, पालक, पत्तेदार लहसुन और खिचड़ी खाते हैं, क्योंकि ये सर्दियों के दौरान गर्मी प्रदान करते हैं। लोग इस दिन अपने बड़ों के हाथों से सिर पर सरसों का तेल भी लगाते हैं। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। नेपाल में 'माघे संक्रांति' पर सरकारी अवकाश रहता है।

## ऑफ बीट

# हमारे व्यवहार व मस्तिष्क को बदल रही निगरानी प्रौद्योगिकी



बिना किसी कर्मचारी की मदद के तकनीकी सहयोग से स्वयं भुगतान करके प्रतिष्ठान से बाहर निकलने से लेकर सड़कों और स्टेडियम तक हर जगह निगरानी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल भरपूर किया जा रहा है। सुरक्षा के नाम पर अक्सर इस व्यापक निगरानी को उचित ठहराया जाता है, लेकिन 'न्यूरोसाइंस ऑफ कांशसनेस' में प्रकाशित अध्ययन में परेशान करने वाली एक बात सामने आई है। निगरानी न केवल हमारे व्यवहार को बदल रही है, बल्कि हमारे मस्तिष्क के काम करने के तरीके को भी बदल रही है और यह हमारी सतर्कता से परे काम कर रहा है। हमारे अनुसंधान दिखाते हैं कि महज निगरानी होने की बात पता चलते ही दूसरे लोगों की निगाहों को लेकर हमारी जागरूकता अनजाने तरीके से बढ़ सकती है। इन निष्कर्षों के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक संपर्क के लिए संभावित रूप से महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। ये निष्कर्ष इस बात पर भी गहन विचार करने का संकेत देते हैं कि निरंतर निगरानी हमें न केवल सचेत रूप से, बल्कि हमारे दिमाग के मूक 'सर्किटरी' को भी किस तरह आकार देती है।

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### आनंद उत्सव का आयोजन 28 जनवरी तक होगा

**कटनी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 से 28 जनवरी 2025 के मध्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर परम्परागत खेल-कूद और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। ग्रामीण क्षेत्र या नगरीय क्षेत्र में 14 से 24 जनवरी तथा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 24 से 28 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा आनंद उत्सव के आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जिले में आनंद उत्सव के आयोजन में आवश्यक सहयोग हेतु श्री अनिल कांबले डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर को नियुक्त किया है।

### इंदौर में मिली लापता नाबालिग, पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने थाना क्षेत्र से अचानक लापता हुई एक नाबालिक बालिका को इंदौर से दस्तयाब कर उसे सुरक्षित उसके परिवार के पास पहुंचने में सफलता प्राप्त की है। बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।विगत 2 जनवरी 2025 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई की उसकी17 वर्षीय बेटी बिना बताये कहीं चली गई है। उसने शंका जाहिर करते हुए कहा कि इसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहता को गत 12 जनवरी 2024 को इंदौर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी, सउनि सतेन्द्र सिंह, सायबर सेल से प्रआर. प्रशांत सिंह एवं सत्येंद्र सिंह, आर. गौरीशंकर राजपूत तथा म.आर. पूजा त्यागी की विशेष भूमिका रही।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का नाम किया रोशन

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के विद्यार्थी कारण सिंह यादव द्वारा 10 से 11 जनवरी को देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सहभागिता की गई। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र करण सिंह यादव ने जबलपुर संभाग की ओर से सहभागिता की। करण सिंह यादव ने लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक, ट्रिपल जंप में रजत पदक और 4 100 मी रिले रेस में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। करण सिंह यादव को खेल विद्या में मिली उपलब्ध की महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई ने प्रशंसा की एवं इसी प्रकार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आप और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। कीड़ा अधिकारी डॉ राजकुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त कर रहे हैं जो कि जिले के लिए गौरव की बात है।

### प्रोत्साहन योजना के लिये आवेदन 20 फरवरी तक जमा करें

**कटनी।** महर्षि वाल्मिकी प्रोत्साहन योजना के लिये अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक अभ्यर्थी जिला संयोजक अनुसूचित जाति कार्य विभाग से आवेदन प्राप्त कर कार्यालयीन समय में 20 फरवरी तक जमा करा सकते हैं। आवेदन के साथ जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, कक्षा दसवी की अंकसूची, कक्षा बारहवीं की अंकसूची, बैंक पास बुक की छायाप्रति, उत्कृष्ट संस्था में प्रवेश का प्रमाण-पत्र तथा निवासी प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

---

### जिला अस्पताल में विसंगतियों के चलते मरीजों को झेलनी पड़ रहीं कई समस्याएं

# संसाधन भरपूर, स्टाफ की कमी के चलते जिला चिकित्सालय में मरीजों की फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




जिला अस्पताल में संसाधनों से ज्यादा स्टाफ की कमी का रोना है जिसके कारण यहां मरीजों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सीमित स्टाफ एवं कार्याधिक के चलते चिकित्सा सेवाएं प्रभावित होती है। पर्ची कटाने से लेकर डाक्टर से मिलकर जांच कराने के लिए लंबी कतार में खड़े रहने की मजबूरी होती है। यदि किसी मरीज को खून, एक्सरे सोनाग्राफी इत्यादि की जांच के लिए लिख दिया जाता है तो फिर उसका पूरा दिन ही बेकार चला जाता है। जांच रिपोर्ट मिलने में शाम हो जाती है। जब तक रिपोर्ट मरीज को मिलती है तब तक डाक्टर ही चले जाते हैं ऐसे में मरीजों को दूसरे दिन चक्कर लगाना पड़ता है।

#### इन वजहो से है लचर सेवा

जिला चिकित्सालय में व्यवस्थागत कमियों की वजह से मरीजो को संतोषजनक सेवायें नही मिल पा रही है। जानकारी जुटाने पर पता चलता है कि चिकित्सको पर कामकाज का भार, मरीजो की अधिकता, लचर नेतृत्व की वजह से बढ़ती मनमानी के चलते भरपूर संसाधनो के बावजूद मरीजो का उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओ का भरपूर लाभ नही मिल पा रहा है। परिणाम स्वरूप सारे संसाधन होने के बावजूद जिला चिकित्सालय की पूरी व्यवस्था देखकर यहां आने वालों को खीझ सी होती है और लगता है कि जैसे अस्पताल खुद ही लकवाग्रस्त है और उसमें हर स्तर पर बड़े बदलाव की जरूरत है। अस्पताल की पूरी व्यवस्था का दारोमदार सीएस पर होती है। स्टाफ की कमी और दोहरे प्रभार के कारण संबन्धित अधिकारियों का पूरा ध्यान मरीजों की सुविधाओं पर केद्रित नही हो पा रहा है।

#### हावी है ये कमियां

ओपीडी में डाक्टर विलंब से पहुंचते है। डाक्टर सहित समय पर नही पहुंचने वाले स्टाफ पर किसी प्रकार की कार्यवाही नही होती। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्टाफ की उपस्थिती की औचक निरीक्षण के जरिये सत्यापन नही होता। बिस्तरो की चादर नियमित नही बदली जाती। रात के वक्त डयूटी डाक्टर से लेकर नर्स और अन्य स्टाफ मरीजो की देखभाल में कोताही बरती जाती है, रात्रि में स्टाफ की लापरवाही की शिकायत के लिये कोई अधिकारी नही मिलता। बर्न वार्ड सहित अन्य वार्डो में रोगी सुविधाओं का अभाव है। मरीजो के परिजनो को व्हील चेयर और स्टेचर में ढकेलना पड़ता है। सोनोग्राफी के लिये भी लंबी डेट मिलती है। पैथालाजी में भी स्टाफ की कमी है। रिपोर्ट शाम या फिर दूसरे दिन ही मिल पाती है। ऐसे में स्थानीय मरीजो को तो फिर भी ठीक लेकिन दूर से आने वाले मरीजो को असुविधा के साथ ही समय व पैसो की बर्बादी होती है। ओपीडी में डाक्टरो का पूरा फोकस सिर्फ मरीजो की कतार खत्म करना होता है।

#### पत्राचार तक ही सीमित

जिला अस्पताल में रिक्त पड़े डाक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ की पदस्थापना के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किये जा रहे है जिससे यहां इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समय से डाक्टर अपने कक्षों में नहीं मिलते। पता चलता है कि वार्डों के भ्रमण पर है। इसी में 11 से 12 बज जाते हैं। मरीजों की जांच के लिए एकाध घंटे का समय ही बचता है। दोपहर दो से ढाई बजे डाक्टर उठकर चले जाते हैं।

---

## स्थायी वारंटी एवं जिलाबदर के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली पुलिस ने कई सालों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 12 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी विक्की रजक (निवासी सेठी मोहल्ला, गुप्तेश्वर, जबलपुर) को उसके घर से गिरफ्तार किया। विक्की रजक पर 2006 के चोरी के मामले में न्यायालय द्वारा वर्ष 2013 में स्थायी वारंट जारी किया गया था। लंबे समय से फरार चल रहे इस वारंटी को कोतवाली पुलिस ने देर रात जबलपुर में उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया और कटनी लाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया। गिरफ्तारी में प्रधान आरक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी, अजय दुबे की मुख्य भूमिका रही।

#### संदिग्ध गतिविधि की दें सूचना

इस कार्रवाई से पुलिस प्रशासन की सक्रियता और वारंटियों के खिलाफ कठोर रुख का स्पष्ट संदेश गया है। कटनी पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि कानून से भागने वालों को छुपने का कोई मौका नहीं मिलेगा। पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें, ताकि समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया जा सके।

#### घेराबंदी कर पकड़ा

इसी तरह कैमोर पुलिस ने जिलाबदर सहित मारपीट, बलवा, चोरी, अवैध शराब,अवैध हथियार, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करना इत्यादि मामलों के आरोपी शुभम केवट पिता राजकुमार केवट उम्र 28 वर्ष निवासी मेहगांव, कैमोर को घेराबंदी कर मेहगांव माइंस कॉलोनी के सामने भागते समय पहाड़ी से गिरफ्तार किया, आरोपी शुभम केवट थाने का लिस्टेड गुंडा बदमाश है जिसके ऊपर अनेक धाराओं में 15 से अधिक मामले पंजीबद्ध हैं, तथा बदमाश शुभम केवट को वर्ष 2015 में भी जिलाबदर उल्लंघन करने पर जेल भेजा जा चुका है, बदमाश का दोबारा जिलाबदर किया गया था, जो बदमाश शुभम केवट द्वारा पुनः जिलाबदर का उल्लंघन किया गया तथा शुभम केवट के मेहगांव क्षेत्र में होने की सूचना पर बदमाश की घेराबंदी करने हेतु टीम रवाना की गई,तथा बदमाश को कड़ी मशक्कत के बाद पहाड़ी से पकड़ा गया,बदमाश को पकड़ने में निरीक्षक अरविंद चौबे के नेतृत्व में सउनि देवचंद भलावी,सउनि मथुरा प्रसाद,प्रआर प्रेम पटेल,आर विनोद,अजीत,विक्रम,अंकुल एवं प्रआर चालक चंद्रभान विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर हुआ आयोजन**

## वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम थीम पर हुई निबंध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते, के निर्देशन, प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई, प्रभारी प्राचार्य डॉ एमपी यादव के मार्गदर्शन में सोमवार 13 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम थीम पर आयोजित हुई।

प्रतियोगिता में कटनी जिला के विभिन्न संस्थाओं के 30 विद्यार्थियों ने सहभागिता किया। विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व के बारे में लेखन के माध्यम से सार्थक विचार लिखे। तथा लोकतंत्र के बारे में भी लोकतंत्र जनता का, जनता द्वारा जनता के लिए बनाया गया शासन है, के बारे में भी उल्लेखित किया। भारत में चुनाव प्रक्रिया, मतदान की आवश्यकता, मतदाता जागरूकता हेतु आम नागरिकों के कर्तव्य,आदि बिंदुओं के बारे में भी वोट के महत्व को रेखांकित किया। तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु भी निबंध में लिखे।

निबंध प्रतियोगिता भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय स्तर, द्वितीय चरण जिला स्तर एवं अंतिम चरण राज्य स्तर में प्रतियोगिता संपन्न होगी।मूल्यांकन समिति डॉ चित्रा प्रभात प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी, डॉ अरुण कुमार प्राध्यापक, डॉ रविता सिंह सहायक प्राध्यापक तथा आयोजन समिति डॉ माधुरी गर्ग प्राध्यापक, डॉ सरदार दिवाकर सहायक प्राध्यापक, डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह सहायक प्राध्यापक के सहयोग से संपन्न हुआ। दल प्रभारी के रूप में डॉ सुमान पुरवार, प्रोफेसर जी एम मुस्तफा, डॉ विनय बाजपेई, डॉ वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ सतीश कुमार तिवारी, श्रीमती रिचा दुबे, पुष्प लता विश्वकर्मा, डॉ मुकेश झरिया,धीरज मोदी,तथा अन्य महाविद्यालय के दल प्रभारी एवं विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ माधुरी गर्ग द्वारा किया गया।

---

### विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला



राज्य आनंद संस्थान,आनंद विभाग, जिला कटनी द्वारा सोमवार को छठवीं एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत, विजयराघवगढ़ में किया गया। कार्यशाला की शुरुआत आनंद विभाग डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले,बीपीओ बागरी आनंदम सहयोगी बालमुकुंद मिश्रा एवं प्रतिभागियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर मास्टर ट्रेनर मनीषा कांबले द्वारा एक सुंदर सी प्रार्थना के गायन से किया गया स सोमवार को आयोजित सत्र में प्रतिभागी के रूप में जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के पंचायत विभाग,कृषि विभाग, महिला बाल विकास एवं शिक्षा विभाग के लगभग 60 अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही स जिसमें राज्य आनंद संस्थान, कटनी के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आनंद विभाग के संक्षिप्त परिचय के बाद विभिन्न सत्र एवं गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की गई स कार्यक्रम के अंत में आगामी दिनों में आनंद उत्सव 2025 के आयोजन के संबंध में क्लस्टर प्रभारी से चर्चा की गई ।कार्यक्रम का समापन मुख्य कार्यपालन अधिकारी ब्रतेश जैन, जनपद पंचायत, विजयराघवगढ़ के उद्बोधन एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया।

---

## चोरी की मोटर साइकिल को बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा था, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे एक व्यक्ति को कुठला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से धारदार हथियार भी जब्त किया गया है। कुठला पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे तालाब के पास एक व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में खड़ा है जिसकी सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा जिसके पास से एक लोहे का धारदार तलवारनुमा चाकू मिला।

वाहन के संबंध मे जानकारी मांगे जाने पर आरोपी द्वारा वाहन चोरी का तथा बेचने की फिराक मे होना बताया आरोपी राहुल भूमिया पिता संतोष भूमिया उम्र 20 वर्ष निवासी झुकेही थाना अमदरा जिला मैहर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को दीपक त्रिपाठी पिता स्व. गणेशशंकर त्रिपाठी निवासी आधारकाप थाना कोतवाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 10 जनवरी के शाम अपनी पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक MP 21 MC 2999 के शाम करीब 7.30 बजे तपस्या फैक्ट्री चाका काम करने गया था मोटर साइकिल को फैक्ट्री के गेट के बाहर खडा कर अन्दर आफिस चला गया था वापस आकर देखा तो मोटर साइकिल नही थी। अज्ञात चोर के विरुद्ध मोटर साइकिल कीमत नब्बे हजार रुपये के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गईं थी। कुठला पुलिस द्वारा दर्ज रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात मोटर साइकल चोरी के आरोपी एवं मोटर साइकिल की तलाश की जा रही थी । इसी दौरान आरोपी से थाना के अपराध में चोरी गए मोटर साइकिल को बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया गया है।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक राहुल मिश्रा, ताहिर खान, नरेन्द्र पटेल, सुनील पाण्डेय आरक्षक दुर्गेश सिंह एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

---

**जन कल्याण अभियान के तहत 15 पंचायतों में शिविरों का आयोजन**

## शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी, हितग्राहियों को हितलाभ का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन पर जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 7 जनपद पंचायतों की 15 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में पहुंचनें वाले ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों का घर -घर सर्वे किया जाकर उनहे आवेदन करनें हेतु प्रेरित करनें की कार्यवाही की जाकर शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों को कंप्यूटर में दर्ज किया गया। शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया।

शिविर के दौरान सामाजिका न्याय विभाग एवं निःशक्त कल्याण विभाग, पेंशन योजना, योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, उर्जा विभाग, सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन लिए गए।

#### यहां आयोजित हुए शिविर

अभियान के तहत ग्राम पंचायत लखाखेरा,सलैया ठुठिया, कूडन, सिमरापटी सनकुई, आमाझाल और अतरिया, मतवार पडरिया एवं खमतरा, खम्हरिया -1, बसुधा, हथकुरी और हरद्वारा, जुगिया और हरदुआ महानदी में शिविर आयोजित किये जाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई। मुख्यमंत्री की मंशानुसार युवा, महिला, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश के साथ-साथ कटनी जिले में भी 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के समस्त पात्र हितग्राहियों को शिविर लगाकर लाभान्वित किया जा रहा है। जन-कल्याण अभियान के तहत 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

---

### शिविरों में प्राप्त 86 फीसदी आवेदनों का किया गया निराकरण

## जनकल्याण अभियान के तहत अब तक आयोजित हुए 360 शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का आयोजन जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के वार्डों में किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मंगलवार 14 जनवरी 2025 की प्रातः तक जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुल 360 शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। शिविर आयोजन के मामले में कटनी जिला प्रदेश में अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में मंगलवार 14 जनवरी तक कुल आयोजित 360 शिविरों में अब तक 28 हजार 145 आवेदन शिविरों में तथा 233 आवेदन ऑनलाईन कुल 28 हजार 378 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 24 हजार 425 लगभग 86 फीसदी आवेदनों का निराकरण भी किया जा चुका है।

#### विभागवार प्राप्त आवेदन

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविरों में मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक उच्च शिक्षा विभाग के 62, तकनीकी उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के 47 , ऊर्जा विभाग के 986, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के 1004, जनजातीय कार्य विभाग के 84, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के 8, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 302, यत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 381, परिवहन विभाग के 1959, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 642 आवेदन प्राप्त हुए है।

जबकि मत्स्य पालन एवं मछुआ विकास विभाग के 10, महिला एवं बाल विकास विभाग के 302, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के 731, राजस्व विभाग के 3430, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 8319, वित्त विभाग के 13, श्रम विभाग संबल योजना/कर्मकार मण्डल के 6818, सहकारिता विभाग के 55, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 3014, सामान्य प्रशासन विभाग के 184 आवेदन सहित सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के 24 कुल 28 हजार 378 आवेदन प्राप्त हुए है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जनकल्याण शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पाने से शेष रह गये पात्र हितग्राहियों के सर्वे का कार्य किया जाकर उन्हे शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 45 हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जा रहा है तथा आमजनों से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

---

## जिले के 200 वरिष्ठजन कर सकेंगे शिर्डी तीर्थ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत शिर्डी तीर्थ यात्रा 1 फरवरी से 4 फरवरी 2025 तक निर्धारित है। शिर्डी तीर्थ यात्रा हेतु विशेष ट्रेन निर्धारित रेल्वे स्टेशन से 1 फरवरी को जिले के 200 तीर्थयात्रियों तथा 04 अनुरक्षक को को लेकर प्रस्थान करेगी। यह विशेष ट्रेन उमरिया से कटनी जबलपुर होते हुए शिर्डी जायेगी तथा शिर्डी से जबलपुर होते हुए कटनी पहुंचेगी। ट्रेन की समय-सारणी की विस्तृत जानकारी पृथक से प्रेषित की जायेगी।

डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत शिर्डी तीर्थ यात्रा के संबंध में आम जन से आवेदन प्राप्त करने हेतु शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम स्तर पर आयुक्त नगर पालिक निगम एवं ग्रामीण ब्लॉक स्तर पर सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से संबंधित अधिक जानकारी, नियम व आवेदन पत्र वेबसाईट से भी डाऊनलोड किये जा सकते है। योजना के तहत टिकट वितरण के दौरान संबंधित कर्मचारी द्वारा पात्र व्यक्ति को टिकट वितरण किया जावेगा। अपात्र व्यक्ति यात्रा न करें इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए गए है। यात्रा हेतु इच्छुक आवेदक से प्राप्त आवेदन पत्र में समग्र आई.डी., बोडर आई.डी., आधार कार्ड की जानकारी अनिवार्य रूप से लेवें।

बांस की खेती को बढ़ावा देने किसानों को प्रोत्साहित कर रहा मप्र बांस मिशन

# किसानों को अब बांस का पौधा लगाने पर 120 रुपए की सब्सिडी

## न्यूनतम 14 रुपए में मिलेगा पौधा, किसानों को खेत की मेड़ पर लगाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश बांस मिशन से बांस की खेती को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को खेत की मेड़ पर बांस के पौधे लगाने के लिए एक स्कीम भी चलाई जा रही है, जिसमें बांस की खेती करने वाले किसानों को अब 3 वर्ष तक प्रति पौधा 120 रुपए अनुदान दिया जा रहा है। बांस के पौधे किसानों को खेत की मेड़ पर लगाने होंगे।

वन विभाग किसानों को न्यूनतम कीमत 14 रुपए में पौधा उपलब्ध कराएगा। इसके लिए किसानों को संबंधित डीएफओ को निर्धारित फार्म भरकर देना होगा। डीएफओ की अनुमति के बाद किसान अपने खेत की मेड़ में बांध के पौधों का रोपण कर सकेंगे।

### तीन साल तक मिलेगा अनुदान

बता दें कि तीन साल में एक बांस के पौधे पर 120 रुपए का अनुदान मिलेगा। इसमें पहले वर्ष में किसान को 60 रुपए, द्वितीय किस्त दूसरे वर्ष 36 रुपए और तीसरी किस्त में 24 रुपए का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले द्वितीय और तृतीय वर्ष में पौधों का सत्यापन अक्टूबर में होगा और अनुदान का वितरण 31 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। पौधरोपण के लिए एक पौधे की लागत 240 रुपए आंकी गई है, जिसमें किसान को भूमि की सफाई, गड्ढे खोदना, पौधे लगाना, पौधे की लागत, परिवहन व्यय, खाद, उर्वरक, रसायन, लागत, तारबंदी व रखरखाव शामिल है।



### बांस उद्योग के लिए कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा

योजना का उद्देश्य बांस का कृषि क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता के बांस पौधों का रोपण कर प्रदेश में बांस कृषि का विकास करना है। इस योजना से प्रदेश में बांस उत्पादकता में वृद्धि होने के साथ ही बाजार में अच्छा मूल्य मिलने से कृषकों को अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध होगा तथा बांस आधारित स्थानीय शिल्पकारों को एवं बांस उद्योग के लिए कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा। राष्ट्रीय बांस मिशन, भारत सरकार की पुनरीक्षित गाइडलाइन के अनुसार किसानों को उनकी निजी भूमि पर उच्च गुणवत्ता के बांस के पौधरोपण किया जाना है। इस योजना में किसानों को बांस रोपण की कुल लागत का 50% राशि अनुदान के रूप में तीन वर्षों तक वितरण किया जाएगा।

### बांस की खेती किसानों के लिए अधिक लाभदायक, अधिक मुनाफा भी देती है

मप्र बांस मिशन के अधिकारियों का कहना है कि धान और गेहूं की पारंपरिक फसलों की तुलना में बांस की खेती किसानों के लिए अधिक लाभदायक साबित हो रही है। यह न केवल अधिक मुनाफा देती है, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि बांस की खेती में कम पानी की आवश्यकता होती है, और यह खराब भूमि में भी उगाई जा सकती है।

### किसान की स्वयं की भूमि हो तो उठा सकते हैं योजना का लाभ

मप्र बांस मिशन के डीसीएफ हमीदुल्ला खान का कहना है कि इस योजना का लाभ वे किसान उठा सकते हैं, जिनकी स्वयं की भूमि हो। बांस के पौधों का रोपण मेड़ पर होना है। किसानों को 14 रुपए में पौधा उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं उनको 120 रुपए के अनुदान की पात्रता होगी।

---

## खबर संक्षेप

### स्टेशन पर अश्लीलता का वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** शहर के मुख्य स्टेशन के पास एक युवक युवती की अश्लील हरकत का वीडियो



वायरल हो रहा है। यह वीडियो तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। दरअसल, छत्तीसगढ़ के सबसे दूसरे बड़े शहर बिलासपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 3 के पास एक युवक और युवती ने खुलेआम अश्लील हरकत किया, जिसका अब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सार्वजनिक तौर पर यह घटना से इस बात का संकेत है कि रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था कितनी कमजोर है? अगर सुरक्षा अधिकारी और रेलवे कर्मचारी भी ऐसी घटनाओं पर ध्यान नहीं देते,तो यात्रियों की सुरक्षा का क्या हाल होगा? इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने ऐसे कृत्य करने वालों के उपर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थानों की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रशासन की है।

### कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया अध्यक्ष बने व्यास

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष नितेन्द्र सिंह राठौर को हटाकर उनके स्थान पर चंचलेश व्यास की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि व्यास कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से उजागर करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

---

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दी बधाई

# सिंहस्थ-2028 में भक्त शिप्रा के जल से ही करेंगे पुण्य स्नान

मुख्यमंत्री ने बहनों को सुहाग की श्रृंगार सामग्री व साड़ियां तथा बच्चों को पतंगें दी

## विश्व की पहली दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाएं मप्र में साढ़े 12 हजार बीघा में हरिद्वार की तरह होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास कारवां निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 के सिंहस्थ में श्रद्धालु शिप्रा जल से स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि विश्व की पहली दो बड़ी नदी जोड़ों परियोजनाओं का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर सौगात दी है। अब सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए साढ़े 12 हजार बीघा क्षेत्र में हरिद्वार की तरह विकास कार्य किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ उज्जैन में 614.53 लाख रुपए की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 साधु-संतों के लिए भी अविस्मरणीय होने वाला है, क्योंकि इस बार सरकार ने साधु-संतों और अखाड़ों को पक्के निर्माण के लिए भू-खण्ड देने का अभूतपूर्व निर्णय लिया है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने उज्जैन को मिल रही सौगातों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बहनों को सुहाग की श्रृंगार सामग्री एवं साड़ियां तथा बच्चों को पतंगें भेंट की।

उज्जैन में 614.53 लाख रुपए की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का किया भूमिपूजन



साधु संतों और अखाड़ों को पक्के निर्माण के लिए भूखंड देंगे

### सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी और कान्ह क्लोज डक्ट दोनों अद्भुत परियोजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी और कान्ह क्लोज डक्ट दोनों अद्भुत परियोजनाएं हैं। सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के अंतर्गत वर्षा ऋतु में क्षिप्रा नदी के जल को सिलारखेड़ी जलाशय में एकत्र कर पुनः आवश्यकता अनुसार प्रवाहित कर क्षिप्रा नदी को निरन्तर प्रवहमान बनाया जाएगा। इस परियोजना में ग्राम सेवरखेड़ी में 1.45 मिलियन घन मीटर क्षमता का बैराज निर्माण कर यहां से 3 मीटर व्यास की 6.50 किमी लंबी पाइप लाइन द्वारा क्षिप्रा नदी का जल सिलारखेड़ी जलाशय में संचित किया जाएगा। इसके लिए सिलारखेड़ी जलाशय की क्षमता को 51 मिलियन घन मीटर तक बढ़ाया जाएगा। सिलारखेड़ी जलाशय में संचित जल 1.80 मी. व्यास की 7.00 किमी लम्बी पाइप लाइन से पुनः क्षिप्रा नदी में ग्राम कुंवारिया के समीप आवश्यकता अनुसार छोड़ा जाएगा।

### अधिक से अधिक वर्षा जल का संग्रहण जरूरी: पाटिल

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री पाटिल ने पानी बचाने के लिए अभियान चलाएं तथा अधिक से अधिक वर्षा का जल धरती में संग्रहण के लिए बड़ी संख्या में भू-जल पुनर्भरण संरचनाएं बनाने के लिए कहा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि परियोजना से मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा में शुद्ध जल का सतत प्रवाह होगा।

### एक बार फिर पुनः शिप्रा जल में स्नान का पुण्य लाभ मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में वर्ष-1967 के सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को मोक्षदायनी मां शिप्रा के जल में स्नान करने के सौभाग्य बाद एक बार फिर पुनः शिप्रा जल में स्नान का पुण्य लाभ मिलेगा, परंतु उसके बाद शिप्रा नदी में पानी की कमी के चलते 1980 के सिंहस्थ में गंभीर का पानी शिप्रा में लाया गया। इसी प्रकार 1992 और 2004 के सिंहस्थ में भी गंभीर का पानी शिप्रा में प्रवाहित किया गया। वर्ष-2016 के सिंहस्थ में मां नर्मदा का पानी शिप्रा में लाया गया। कुछ साधु-संतों का ऐसा कहना था कि जब हमें नर्मदा में ही स्नान करना था, तो हम ओंकारेश्वर में ही स्नान कर सकते थे। मैंने उनकी भावना को समझा और संकल्प लिया कि वर्ष-2028 के सिंहस्थ में शिप्रा नदी के जल में ही सबको स्नान कराया जाएगा। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी और कान्ह क्लोज डक्ट परियोजनाओं के माध्यम से यह संकल्प पूरा होने जा रहा है। यह उज्जैन के इतिहास में अविस्मरणीय दिन होगा।

### प्रदर्शनी का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना पर आधारित प्रदर्शनी व मॉडल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री पाटिल को परियोजना के बारे में विस्तार से बताया।

### सीएम डॉ. मोहन ने राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के योगदान और राष्ट्र प्रेम भावना की सराहना की



मुख्यमंत्री ने 32 मीटर गहरे बामोरा ग्राम स्थित शाफ्ट-3 में उतरकर निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टनल में कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर कुशलक्षेम जानी। श्रमिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सहृदयता व संवेदनशील व्यवहार देखकर उनसे खुलकर चर्चा की। श्रमिकों ने कहा कि वह माता क्षिप्रा को स्वच्छ करने वाली इस परियोजना के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर देश के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। इस बात पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रमिकों के देश निर्माण में उल्लेखनीय योगदान व देश प्रेम की भावना की सराहना की। इसके पूर्व एसीएस डॉ. राजेश राजौरा ने योजना संबंधी सोमवार तक के कार्य प्रगति की जानकारी दी।

---

*मध्य प्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया का बयान*

# ब्राह्मण कपल 4 बच्चे पैदा करें एक लाख रुपए का इनाम पाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में आयोजित सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने नए जोड़ों से चार बच्चे पैदा करने का आग्रह किया है।

इसके लिए बतौर प्रोत्साहन उन्हें 1 लाख रुपए इनाम देने की घोषणा भी की। राजोरिया ने मंच से कहा- देखिए हमारे देश में विधर्मी लोगों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है। वजह ये है कि हमने अपने परिवार पर ध्यान देना लगभग बंद कर दिया है। युवाओं से मेरी बड़ी उम्मीद है। जो युवा हैं वह ध्यान से कान खोलकर सुन लें कि आने वाली पीढ़ी की रक्षा आपके हाथों में है। राजोरिया ने कहा कि जो युवा अच्छा पद-प्रतिष्ठा हासिल कर लेते हैं और एक बच्चा करके विराम लगा देते हैं। ये मामला बहुत ही गड़बड़ है। मेरा आपसे आग्रह है कि चार तो होना ही चाहिए। जिनके चार बच्चे होंगे सनाढ्य समाज में उन्हें परशुराम कल्याण बोर्ड एक लाख रुपए का इनाम देगा। चाहे मैं परशुराम कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष रहूं या ना रहूं। कोई भी रहेगा उसकी ओर से दिया जाएगा।

### सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में किया आग्रह

### बच्चे पैदा करने में पीछे नहीं रहना

परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि मैं युवाओं से पूछता हूं तो वे ये कहते है कि पढ़ाई में ज्यादा खर्च होता है, अरे खर्चा कम होगा, ज्यादा होगा। थोड़ा कम में गुजारा कर लेंगे, लेकिन बच्चे पैदा करने में पीछे नहीं रहना है, नहीं तो विधर्मी लोग इस देश पर कब्जा कर लेंगे। ब्राह्मणों की संख्या तो कम होती जा रही है। इतना बड़ा इंदौर शहर है, अगर सभी ब्राह्मण आ जाते तो एक लाख हो जाते, लेकिन यहां पर इस छोटी सी जगह को भी आपने भर दिया। ये आपकी बड़ी कृपा है।

### ब्राह्मणों से ही सनातन की रक्षा होगी

राजोरिया ने कहा कि सबसे पहले मेरा यही विचार था कि ब्राह्मणों की संख्या कम हो रही है। युवाओं से आग्रह है कि आप संख्या बढ़ाएं। आने वाली संतानें देश में अपना नाम, समाज, अपना गोत्र, अपना सूत्र सभी की रक्षा कर सकें। सनातन की रक्षा तभी होगी, जब ब्राह्मणों की संख्या पर्याप्त होगी।

---

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर की हिदायतें

# अब एसडीएम और तहसील कार्यालय में हेलमेट अनिवार्य

*बाइक के लिए हेलमेट और कार के लिए सीटबेल्ट लगाने के सख्त निर्देश*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एसडीएम और तहसील कार्यालय में हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारी और कर्मचारियों को हेलमेट लगाने के लिये निर्देशित किया गया है। वहीं जो अधिकारी और कर्मचारी बाइक से आ रहे हैं, वे हेलमेट और जो चारपहिया वाहनों से आ रहे हैं वो सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें।

ये फैसला कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में लिया गया। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रास सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टोरेट कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहे। इसे सभी अनुविभाग और तहसील स्तर के कार्यालय में अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि वाहन तय पार्किंग स्थल पर पार्किंग करें। सभी राजस्व अधिकारी अपने संबधित पुलिस थाने के अधिकारी से संपर्क रखें और दुर्घटना या किसी प्रकार हादसा होने पर तुरंत सूचना देकर जरूरी कार्रवाई भी करें। सभी तहसीलदार अपने कार्यालय में अनुशासन बनाए रखें और सभी लंबित प्रकरण का निपटारा करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगर निगम सहित जिले में परिवार सहायता पेंशन और निराश्रित पेंशन के प्रकरण अतिशीघ्र निराकृत करें। यदि संबंधित बैंक में कोई दिक्कत आती हैं, उस पर भी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड का निर्धारित लक्ष्य के अनुसार स्कूली बच्चों की प्राथमिकता से बनाएं। एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी सामूहिक रूप से प्रयास करें जो यातायात में बाधा पहुंचाए उस पर कार्रवाई भी जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त बिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

*युवा महोत्सव के दूसरे दिन मन को छू लेने वाले भजन सुन झूम उठे दर्शक*

# पद्मश्री अनुज शर्मा और मंत्री टंकराम वर्मा ने गाए लोकगीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा महोत्सव 2024-25 के दूसरे दिन रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। पद्मश्री और धरसीवां विधायक अनुज शर्मा और उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोकगीतों और आधुनिक धुनों से दर्शकों का दिल जीत लिया। अनुज शर्मा ने अपने राम भजन 'हरि अनन्त, हरि कथा अनन्ता' से समां बांधा। इसके बाद माता-पिता को समर्पित 'झन भूलव मां बाप ला' और लोकगीत 'छैयां भुइयां ला छोडके जवईया' जैसे गीतों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। माते रइबे जैसे ददरिया गीतों की सुरीली प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने भी युवा महोत्सव में माइक थामा और अपनी प्रस्तुति से महोत्सव में चार चांद लगा दी। उन्होंने प्रसिद्ध कवि लक्ष्मण मस्तूरिया के गीतों को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके गायन ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की सादगी और गहराई को प्रदर्शित किया।

### संस्कृति और संगीत का अनोखा संगम



*रंगारंग कार्यक्रमों से सजे इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी लोक परंपराओं, समृद्ध संस्कृति, और आधुनिक संगीत का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत आरुग बैंड की शानदार प्रस्तुति से हुई। दायरा बैंड ने अपने गीत 'ऐसा जादू है मेरे बस्तर में' और 'बैलाडीला बैलाडीला' की प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुंबई के कलाकारों और बस्तर के स्थानीय गायकों का यह प्रदर्शन बस्तर की समृद्ध संस्कृति और अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य को अपने गीतों के माध्यम से जीवंत किया। बैंड ने बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य को मुंबई के कलाकारों के साथ बस्तर के स्थानीय कलाकारों का अनूठा संगम देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।*

---

मुख्यमंत्री साय ने की घोषणा

# स्व. चंद्राकर के परिजनों को 10 लाख रुपए का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

स्वतंत्र पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही है। साथ ही पत्रकार भवन का निर्माण कराने की बात भी सीएम साय ने कही है।





बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के साथ ही अन्य लोगों ने मिलकर बड़ी ही बेहरमी से हत्या कर शव को सैप्टिक टैंक में फेंक दिया था।

मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए रिमांड पर भेज दिया।

इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुकेश चंद्राकर के परिवार को 10 लाख रुपये देने के साथ ही पत्रकार भवन निर्माण करने की बात कही है।

---

## 3.5 करोड़ के निर्माणाधीन विकास कार्यों का जायजा लिया

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के साथ रत्नाखेड़ी पहुंचे

# सीएम ने कपिला गोशाला में गो-माता मंदिर सेवा स्थल का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन के रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गोशाला पहुंचकर गो-पूजन कर गो-माता मंदिर सेवा स्थल का भूमिपूजन किया।

सीएम ने 3.5 करोड़ रुपए की निधि से नगर निगम की ओर से विकसित किए जा रहे गो-माता शेड, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य प्रगतिरत विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। इस दौरान केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी साथ थे।

### वर्ष 2024 को गो-संवर्धन वर्ष घोषित किया गया



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2024 को गो-संवर्धन वर्ष घोषित किया था। मुख्यमंत्री का लक्ष्य सभी गो-वंशों का संरक्षण एवं संवर्धन कर लावारिस गो-वंश से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना, देशी नस्ल की गायों का उन्नयन, जैविक खाद से ऑर्गेनिक कृषि को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार द्वारा गो-संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गो-वंश आहार अनुदान को दोगुना किया गया है। अब पंजीकृत गो-शाला के पशुओं को प्रतिदिन 40 रुपए आहार अनुदान दिया जा रहा है।*

# कर्मचारियों के काम के घंटे से ज्यादा उनका सशक्तीकरण जरूरी

## आईटीसी के चेयरमैन पुरी ने 90 घंटे काम के विवाद पर कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने के विवाद पर कहा है कि कर्मचारियों के लिए कामकाजी घंटे निर्धारित करने के बजाय उन्हें कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना अधिक महत्वपूर्ण है।

पुरी ने कहा, 'आप किसी राजमिस्त्री से पूछें कि वह क्या कर रहा है, तो वह कह सकता है कि वह ईंट लगा रहा है, कोई कह सकता है कि वह दीवार बना रहा है। वहीं कोई कह सकता है कि वह महल बना रहा है। यह श्रमिकों का अपना-अपना नजरिया है।' कर्मचारियों को निश्चित घंटों तक काम करने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'हम ऐसा नहीं करेंगे।' सुब्रह्मण्यन एक वीडियो में कर्मचारियों के साथ बातचीत में कहते दिखे थे ' मुझे खेद है कि मैं आप लोगों से रविवार को काम नहीं करा सकता। आप घर बैठकर क्या करेंगे? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं और आपकी पत्नी कितनी देर तक आपको देख सकती है?'

### लचीले कामकाजी माहौल पर पुरी का जोर

पुरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि लोग (कंपनी की) यात्रा का हिस्सा बनें और जोश से इसमें शामिल हों तथा उद्यम में बदलाव लाने की उनमें इच्छा हो...हम इसे इस तरह देखते हैं।' आईटीसी सिगरेट से लेकर उपभोक्ता वस्तुओं तक के कारोबार में है। उन्होंने कहा, 'कंपनी लचीले कामकाजी माहौल पर जोर देती है जिसमें सप्ताह में दो दिन घर से काम करना भी शामिल है।'



### कर्मचारियों को योग्य बनने में मदद करें

आईटीसी के चेयरमैन ने कहा, 'तो यह प्रत्येक व्यक्ति के कामकाजी घंटों पर नजर रखने के बारे में नहीं है। यह उनको सक्षम बनाने, उन्हें उनकी क्षमता का पूर्ण इस्तेमाल करने योग्य बनाने में मदद करने और फिर उनके द्वारा हासिल लक्ष्य की समीक्षा करने के बारे में है।' पुरी ने कहा कि दूरदर्शिता, मूल्य और जीवंतता ही आईटीसी का सार है।

### एलएंडटी के चेयरमैन ने रविवार को भी काम की सलाह दी थी

गौरतलब है कि भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन के कर्मचारियों को घर पर बैठने के बजाय रविवार सहित हर सप्ताह 90 घंटे काम करने के बयान पर जारी विवाद को लेकर पुरी ने यह टिप्पणी की है।

### काम के संतुलन को लेकर छिड़ी बहस

इस वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद निजी जिंदगी और काम के बीच संतुलन को लेकर बहस छिड़ गई है। एलएंडटी प्रमुख के विचारों की व्यापारिक समुदाय के उनके कुछ साथियों ने भी आलोचना की। आरपीजी समूह के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि लंबे समय तक काम करना सफलता नहीं बल्कि थकान का कारण बनता है। इससे पहले इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने 70 घंटे के कार्य सप्ताह का सुझाव दिया था।

## खबर संक्षेप




### सेबी ने दी जेएसडब्ल्यू सीमेंट के आईपीओ को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल-प्रवर्तित कारोबारी समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप की कंपनी जेएसडब्ल्यू सीमेंट को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। नियामक ने जेएसडब्ल्यू सीमेंट की तरफ से दाखिल मसौदा दस्तावेज पर गौर करने के बाद उसे निर्गम लाने की मंजूरी दी है। आईपीओ में 2,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और निवेशक शेयरधारकों द्वारा 2,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### क्वाड्रेंट का शेयर 29% तेजी के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 290 से 29 प्रतिशत की तेजी के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।




बीएसई पर शेयर 28.96 प्रतिशत चढ़कर 374 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ और बाद में 54.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 448.75 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 27.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 370 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,795 करोड़ रुपये रहा।

### चांदी 1300 रुपए फिसली सोने में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 80 रुपये टूटकर 80,580 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।



इसके साथ सोने में पांच दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। सोमवार को सोने की कीमत 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग के कारण मंगलवार को चांदी भी 1,300 रुपये की भारी गिरावट के साथ 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले सत्र में चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### ब्राइटनाइट ने महाराष्ट्र में पहला चरण किया शुरू

**नई दिल्ली।** अक्षय ऊर्जा उत्पादक कंपनी ब्राइटनाइट ने महाराष्ट्र में अपनी 115 मेगावाट की हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा परियोजना का पहला चरण चालू करने की मंगलवार को घोषणा की।



कंपनी बयान के अनुसार, ब्राइटनाइट ने भारतीय विद्युत ग्रिड में अपनी पहली ऊर्जा आपूर्ति पूरी कर ली है। इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा को कार्बन मुक्त बनाने के उसके लक्ष्य को बढ़ावा मिला है। इसमें कहा गया, ब्राइटनाइट भारत में अपनी पहली 115 मेगावाट हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा परियोजना 'ऑप्टिमा महाराष्ट्र' के पहले चरण के चालू होने की घोषणा करता है।

### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरा



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और आठ पैसे की बढ़त के साथ 86.62 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों तथा विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी इसपर दबाव बनाती रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.57 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 86.45 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छूने के बाद अंत में 86.62 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की बढ़त है।

## बजट से पहले अर्थशास्त्रियों ने लगाया अनुमान

# बजट में महिलाओं के लिए नकद अंतरण की केंद्रीय योजना लाने पर विचार कर सकती है सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार के प्रस्तावित बजट से पहले अर्थशास्त्रियों ने कहा कि सरकार बजट में महिलाओं की सहायता के लिए नकद अंतरण की केंद्रीय योजना लाने पर विचार कर सकती है। साथ ही अर्थव्यवस्था को गति देने और खपत बढ़ाने के लिए चाहे वह प्रत्यक्ष कर हो या फिर अप्रत्यक्ष कर, करों में कटौती पर गौर कर सकती है।

■ अर्थव्यवस्था को गति देने व खपत बढ़ाने पर होगा गौर

अर्थशास्त्रियों का यह भी कहना है कि ऊर्जा बदलाव और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि और तटीय गतिविधियों जैसे क्षेत्रों लिए एक नई सब्सिडी व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसपर बजट में ध्यान दिया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक फरवरी को बजट पेश करेंगी।

### महिलाओं को नकद हस्तांतरण अच्छा




इस संबंध में एनआईपीएफपी में प्रोफेसर और म्यूनिख स्थित इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस की संचालन प्रबंधन मंडल की सदस्य लेखा चक्रवर्ती ने कहा, "महिलाओं के हाथों में नकद हस्तांतरण एक अच्छा कदम हो सकता है, लेकिन यह आजीविका संकट से निपटने के लिए अल्पकालिक उपाय है। महिलाओं को रोजगार और कर्ज वितरण सुनिश्चित करना उन्हें लंबे समय में मदद कर सकता है।"

### कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण बढ़े

*चतुर्वेदी ने कहा, 'हालांकि, सरकार इसे कृषि से जुड़ी विनिर्मित वस्तुओं की खरीद से जोड़ सकती है ताकि कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण बढ़े। इसलिए 6,000 रुपये नकद देने के बजाय, उन्हें ज्यादा राशि दी जा सकती है ताकि वे कृषि के लिए उपयोगी छोटे उपकरण खरीद सकें। इससे विनिर्माण के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।'*

### नकद अंतरण की केंद्रीय योजना लाने पर हो विचार

बजट में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लेकर उम्मीद के बारे में पूछे जाने पर अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा, 'बजट में महिलाओं की सहायता के लिए नकद अंतरण की केंद्रीय योजना लाने पर विचार किया जा सकता है। इसका कारण हमने अध्ययन में पाया है कि इससे वास्तव में परिवार को खासकर पोषण के मामले में ज्यादा लाभ मिल रहा है।'

### किसान सम्मान निधि बढ़ाने पर हो विचार

इस बारे में भानुमर्ति ने कहा, "हालांकि, किसान सम्मान निधि एक सार्वभौमिक योजना है। इसका लाभ बड़े किसानों को भी मिल रहा है। ऐसे में इसपर अध्ययन कराये जाने की जरूरत है ताकि जिन्हें जरूरत है, उन्हें लाभ मिले और अध्ययन के बाद ही इस मद में दी जाने वाली राशि बढ़ाने या घटाने पर विचार किया जाना चाहिए।"

### कृषि क्षेत्र में काम करने की जरूरत

लेखा चक्रवर्ती ने कहा, "कृषि क्षेत्र में सकल पूंजी निर्माण में वृद्धि की आवश्यकता है। लक्षित नकद हस्तांतरण कृषि क्षेत्र में समस्याओं को हल करने के लिए केवल अस्थायी समाधान हो सकता है। इसके साथ जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए कृषि क्षेत्र में काम करने की जरूरत है।"

# घरेलू विमानन उद्योग का घाटा बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन संबंधी समस्याएं जारी रहने की आशंका के बीच देश के नागर विमानन उद्योग को चालू और अगले वित्त वर्ष में 2,000 से 3,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा होने का अनुमान है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

■ रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

रेटिंग एजेंसी इक्रा की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर में घरेलू हवाई यात्री परिवहन 153 लाख होने का अनुमान है जो नवंबर में दर्ज 142.5 लाख यात्रियों के मुकाबले 7.3 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में दिसंबर महीने में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह कोविड-पूर्व स्तर यानी दिसंबर, 2019 की तुलना में 17.5 प्रतिशत अधिक थी। इसके अलावा दिसंबर, 2024 में एयरलाइंस की क्षमता तैनाती दिसंबर, 2023 की तुलना में 7.5 प्रतिशत और नवंबर, 2024 की तुलना में 3.8 प्रतिशत अधिक रही। इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के साथ अगले वित्त वर्ष को मिलाकर विमानन उद्योग को 20-30 अरब रुपये का शुद्ध घाटा होने की आशंका जताई है। आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और इंजन से जुड़ी समस्याओं के कारण पिछले 18 महीनों में उद्योग की क्षमता प्रभावित हुई है और यह सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है। इक्रा ने भारतीय विमानन उद्योग के लिए एक स्थिर नजरिया रखते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू हवाई यात्री यातायात में मध्यम वृद्धि और अपेक्षाकृत स्थिर लागत परिवेश रहने की उम्मीद है।



### यात्री यातायात कम होना प्रमुख कारण

*उच्च आधार प्रभाव के अलावा पहली छमाही में मौसमी बाधाओं के कारण यात्री यातायात कम होना इसकी प्रमुख वजह है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय एयरलाइन कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2024-25 में 15-20 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।*

# भारतीय कर्मचारियों का वेतन इस साल 9.4 फीसदी बढ़ने के संकेत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय कर्मचारी इस साल विभिन्न उद्योगों में औसतन 9.4 प्रतिशत वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। यह मजबूत आर्थिक वृद्धि और कुशल प्रतिभाओं की बढ़ती मांग का संकेत है। मानव संसाधन परामर्श कंपनी मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में कर्मचारियों के वेतन में लगातार वृद्धि हुई है। वेतन वृद्धि 2020 के आठ प्रतिशत से 2025 में बढ़कर 9.4 प्रतिशत होने का अनुमान है।

■ पिछले पांच वर्षों से कर्मचारियों का वेतन लगातार बढ़ा

सर्वेक्षण में भारत की प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता वस्तुओं, वित्तीय सेवाओं, विनिर्माण, मोटर वाहन, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्र की 1,550 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। मोटर वाहन क्षेत्र में कर्मचारियों का वेतन 10 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। पिछले साल यह 8.8 प्रतिशत रहा था। यह इलेक्ट्रिक वाहनों में वृद्धि तथा सरकार के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' पहल के कारण संभव हो पाया है। विनिर्माण व इंजीनियरिंग क्षेत्र में वेतन वृद्धि आठ से बढ़कर 9.7 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो विनिर्माण परिवेश में पुनरुत्थान को दर्शाता है। मर्सर की 'इंडिया करियर लीडर' मानसी सिंघल ने कहा, 'भारत के प्रतिभा परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव हो रहा है। वेतन में उछाल भी कार्यबल को नया आकार दे रहे हैं। इसके अलावा 75 प्रतिशत से अधिक संगठनों द्वारा प्रदर्शन-आधारित वेतन योजनाओं को अपनाने, अल्पावधि व दीर्घावधि दोनों में प्रदर्शन को महत्व देना समग्र बदलाव को दर्शाता है।'



# खुदरा महंगाई में नरमी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक के लाभ में रहा। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके अलावा ऊर्जा, बैंक तथा धातु शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला।

कारोबारियों के अनुसार, हालांकि निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार पर दबाव बना और इसका लाभ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 169.62 अंक की बढ़त के साथ 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 505.6 अंक तक चढ़ गया था।



# आरबीआई अगली समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती करे

डॉयचे बैंक ने कहा, कटौती में देरी से वृद्धि पर होगा असर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को फरवरी में अगली नीति समीक्षा में प्रमुख दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ इसमें कटौती चक्र शुरू करना चाहिए। डॉयचे बैंक (डीबी) के विश्लेषकों ने मंगलवार को कहा कि ब्याज दरों में कटौती में देरी से वृद्धि पर और अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यदि कार्रवाई में देरी की गई तो आरबीआई के भी पिछड़ जाने का खतरा है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि आरबीआई फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा, जिससे पहली छमाही में रेपो दर छह प्रतिशत पर आ जाएगी। विश्लेषकों ने कहा कि भारत में मौद्रिक संचरण कम से कम तीन तिमाहियों के अंतराल के साथ काम करता है।

■ देरी पर आरबीआई के पिछड़ने का खतरा



### सभी की निगाह नए गवर्नर पर टिकी

गौरतलब है कि आरबीआई ने पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास के नेतृत्व में पिछली 11 नीतिगत समीक्षाओं के दौरान ब्याज दरों को स्थिर रखा है। हालांकि वृद्धि दर कई तिमाहियों के निचले स्तर पर पहुंच गई है और अब सभी की निगाहें फरवरी में उनके उत्तराधिकारी संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में होने वाली पहली ब्याज दर समीक्षा पर टिकी हैं।

# एचसीएल टेक का लाभ 5.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में 5.54 प्रतिशत बढ़कर 4,591 करोड़ रुपये रहा है। एचसीएल टेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सी विजयकुमार ने मांग और सोच-विचारकर किये जाने वाले खर्च में सुधार की उम्मीद जतायी और राजस्व वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में उसे 4,350 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एचसीएल टेक ने वृद्धि अनुमान के निचले स्तर को बढ़ाकर 4.5 से पांच प्रतिशत कर दिया जो पहले 3.5 से 5.0 प्रतिशत था। कंपनी की परिचालन आय दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में 5.07 प्रतिशत बढ़कर 29,890 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 28,446 करोड़ रुपये थी।




# थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.37 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गैर-खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति पिछले महीने यानी दिसंबर में बढ़कर 2.37 प्रतिशत पर पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट आई।

■ गैर-खाद्य वस्तुओं व विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने का असर

मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर, 2024 में 1.89 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 में यह 0.86 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर, 2024 में घटकर 8.47 प्रतिशत रह गई, जबकि नवंबर में यह 8.63 प्रतिशत थी। अनाज, दाल और गेहूं की महंगाई में नरमी आई। हालांकि, सब्जियों की मुद्रास्फीति दिसंबर में मामूली बढ़कर 28.65 प्रतिशत रही। नवंबर में यह 28.57 प्रतिशत थी। आलू की महंगाई 93.20 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 16.81 प्रतिशत हो गई।



### जनवरी में तीन फीसदी बढ़ने की उम्मीद

*कुल मिलाकर, इक्रा को उम्मीद है कि प्रतिकूल तुलनात्मक आधार के साथ कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी और रुपये के मूल्य में गिरावट से जनवरी, 2025 में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर तीन प्रतिशत (जनवरी, 2024 में +0.3 प्रतिशत) हो जाएगी।*

### भारत में आयातित कच्चे तेल की कीमत बढ़ी

*रूसी तेल उत्पादकों और जहाजों पर कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच विशेष रूप से भारत में एक जनवरी से 13 जनवरी, 2025 के बीच आयातित कच्चे तेल की औसत कीमत एक जनवरी के दौरान मासिक आधार पर 5.8 प्रतिशत बढ़ी है। इसके अलावा, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर के 86.5 से ऊपर पहुंचने से आयातित सामान की कीमतों पर दबाव पड़ेगा।*

## टीसीएस के एक अध्ययन में यह निष्कर्ष आया सामने

# दुनिया के 64% ग्राहक ईवी अपनाने को तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में 10 में से छह से अधिक उपभोक्ता अपना अगला वाहन खरीदते समय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पर विचार करने को तैयार हैं लेकिन उनमें से 60 प्रतिशत लोग चार्जिंग ढांचे को एक बड़ी चुनौती मानते हैं। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह निष्कर्ष पेश किया गया है। सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता टाटा कंसल्टेंसी सर्सिवेज (टीसीएस) ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मौजूद लोगों के बीच कराए गए एक अध्ययन के ये नतीजे जारी किए हैं। इनमें से 56 प्रतिशत लोग एक ईवी के लिए 40,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 35 लाख रुपये) तक का भुगतान करने को तैयार दिखे।

■ 60 प्रतिशत लोग चार्जिंग ढांचे को एक बड़ी चुनौती मानते हैं



### बैटरी प्रौद्योगिकी में सुधार से रेंज व गति बढ़ेगी

टीसीएस ने बयान में कहा कि अध्ययन में वाहन विनिर्माता, चार्जिंग ढांचा खड़ा करने वाले, वाहनों का बेड़ा संचालित करने वाले, उपभोक्ता और ईवी को प्रोत्साहन देने वाले लोग शामिल थे। सर्वेक्षण के मुताबिक, 90 प्रतिशत विनिर्माताओं का मानना था कि बैटरी प्रौद्योगिकी में सुधार से इलेक्ट्रिक वाहनों की रेंज और चार्जिंग गति बढ़ेगी। इसके अलावा निकट भविष्य में ईवी के डिजाइन और प्रदर्शन पर भी इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ ही 74 प्रतिशत विनिर्माताओं ने कहा कि चार्जिंग ढांचे की उपलब्धता ईवी बाजार की वृद्धि को सीमित करने वाली सबसे बड़ी अड़चन बनी हुई है।

### 56 फीसदी ईवी के लिए 40 हजार डॉलर देने तैयार

करीब 60 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने चार्जिंग ढांचे को बड़ी चुनौती बताया, जबकि उनमें से 64 प्रतिशत ने ईवी को अपने अगले वाहन के रूप में चुनने की संभावना जताई। इसके साथ ही 56 प्रतिशत प्रतिभागी पारंपरिक वाहनों की तुलना में ईवी के लिए 40,000 अमेरिकी डॉलर तक का भुगतान करने को तैयार हैं।

### अमेरिका में 72 फीसदी के ईवी खरीदने की उम्मीद

दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका में 72 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने अपने अगले वाहन के रूप में ईवी खरीदने की संभावना जताई है। टीसीएस के अध्यक्ष (विनिर्माण) अनुपम सिंघल ने कहा कि ईवी उद्योग एक निर्णायक चौराहे पर है जो पैमाने और परिवर्तन की जटिलताओं को रेखांकित कर रहा है।

### निर्माताओं के सामने अभी चुनौती

सिंघल ने कहा, 'जहां करीब दो-तिहाई उपभोक्ता अपने अगले वाहन के रूप में ईवी चुनने को तैयार हैं, वहीं निर्माताओं को उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी, जटिल वाहन डिजाइन और उत्पादन से जुड़े अर्थशास्त्र जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।'



## भाजयुमो ग्रामीण ने किया नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल का स्वागत

**सिहोरा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल का भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ आगे कार्य करने का एवं संगठन को और अधिक ताकत के साथ मजबूत करने का भरोसा दिलाया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बघेल के कहा कि यही भाजपा संगठन की हमारी परंपरा है उन्होंने पटेल को उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त और मजबूत हो उसकी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, अरविंद पटेल, संजय पटेल, अभिषेक सिंह हरि, हर्ष तिवारी, प्रिंस पटेल, श्रीकांत परिहार, राजशेखर त्रिपाठी, पंकज तिवारी, कपिल पटेल, पुष्पराज सिंह, पवन दुबे, प्रवेश पटेल, नितिन मिश्रा, निकेश शर्मा सहित युवा मोर्चा के साथी गण भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन



**जबलपुर।** लहरी बाबाआश्रम के पास मधुवन कालोनी में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य एवं दिव्य समापन विगत दिवस विधिवत संपन्न हुआ। विगत 6 जनवरी से प्रारंभ हुए इस भागवत कथा में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे भागवत मनीषी स्वामी हरिहर मुदगलजी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन करवाया। आठ दिनों तक अनवरत चली इस भागवत कथा में श्रीमद् भागवत के महात्म्य से लेकर परीक्षित जन्म ध्रुव भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र कृष्ण जन्मोत्सव गोवर्धन पूजा रुक्मणी विवाह सुदामा चरित्र जैसे दिव्य प्रसंगों का महाराजश्री ने वर्णन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अरुण मिश्रा दीपांशु शुक्ला, रजनीत सिह अनिल दुबे अजय सिंह, अतुल रैकवार, श्रीमती ललिता देवी सिंह, सोनिया रंजीत सिंह, माधुरी ठाकुर रानी यादव, माधुरी श्रीमती ललिता देवी सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## यश नर्सरी स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल गोहलपुर में कला एव विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों के अथक मेहनत को दिखाते विभिन्न थीम जैसे मोगली लैण्ड, डिजनी लैण्ड, फोस्टी लैण्ड, हॉस्पिटल वर्ल्ड, विलेज एण्ड रिलीजीयस, हमारा जबलपुर के साथ ही मिशन लाइफ जैसी झॉंकियों का जीवंत प्रदर्शन छात्रों द्वारा किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडल के माध्यम से विज्ञान की दक्षता को दिखाया जिसमें प्रमुख रूप से ऑब्सटेकल डिटेक्टिव सेंसर, स्मार्ट सिटी मॉडल, ह्यूमन आई वर्किंग मॉडल, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, वॉटर लेवल इंडिकेटर, हाइड्रोलिक क्रेन जैसे मॉडल्स से सभी को प्रभावित कर दिया। आर्ट गैलरी के माध्यम ने छात्रों द्वारा वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के उपयोगी समान जैसे पेन स्टैण्ड, वंदनवार, आइसकीम स्टिक वर्क, ग्लास वर्क, स्केच आर्ट, जैसे विभिन्न प्रकार की सामग्री का निर्माण कराया गया। इस एग्जीविशन में मुख्य अतिथि पार्षद चितरंजन वार्ड, रूपेश पिंटू पटेल, विशिष्ट अतिथि जिला मुख्य आयुक्त स्काउट डॉ विजयकांत तिवारी, भूतपूर्व सैनिक श्री श्याम सुन्दर चौबे रहें।

# सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट का समय बर्बाद करने पर पांच लाख का जुर्माना

### 41 करोड 41 लाख जमा करने का दिया था निर्देश

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने भोपाल के बैरागढ़ स्थित सड़क विकास निगम की जमीन के लिए 41 करोड़ 41 लाख रूपये हाई कोर्ट में जमा करने के निर्देश दिये थे। राशि जमा न करते हुए याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में लंबित याचिका वापस लेने का आग्रह किया।



हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट का समय बर्बाद करने के कारण याचिकाकर्ता पर पांच लाख रूपये का जुर्माना लगा दिया।

याचिकाकर्ता निखिल गांधी की ओर से वर्ष 2022 में दायर की गई याचिका में कहा गया था कि भोपाल के बैरागढ़ में स्थित सड़क विकास निगम 6232 वर्ग मीटर जमीन के लिए उसने 29 करोड़ की बोली लगाई थी। सबसे अधिक बोली होने के बावजूद 21 करोड़ की बोली लगाने वाले व्यक्ति को जमीन प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। हाई कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए नीलामी प्रक्रिया में रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक के विरुद्ध सड़क विकास निगम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी।

## होमागार्ड सैनिकों को काल आफ क्यों दे रहे

### हाई कोर्ट में याचिका के जरिए उठाया सवाल

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर कर होमगार्ड सैनिकों को काल आफ दिए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी एवं न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मामले पर 17 जनवरी को सुनवाई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता दमोह निवासी हरीश सिंह गौंड़, सीहोर निवासी मनोज वर्मा एवं रतन सिंह की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे पक्ष रख रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि याचिकाकर्ताओं को दो माह का काल आफ दिया गया है। राज्य शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के काल आफ को बदलकर तीन वर्ष में दो माह का काल आफ कर दिया है। वर्ष 2010 में होमगार्ड सैनिकों द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाई कोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्ड सैनिकों की सेवा के नियम बनाएं एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसका पालन न होने पर अवमानना याचिका दायर हुई थी।

## महाराष्ट्र शिक्षण मंडल शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

**जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जनवरी माह में अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है शताब्दी वर्ष के उद्घाटन समारोह में गुरुवार को मुरलीधर मोहोळ भारत के नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री उपस्थित रहेंगें। समारोह की अध्यक्षता जबलपुर के मंत्री राकेश सिंह लोक निर्माण विभाग करेंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले, सचिव श्री प्रमोद दिवाकर पाठक, शताब्दी समारोह के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, शताब्दी समारोह के कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रशांत पोल एवं समस्त कार्यकारीणी सदस्यों ने मंडल की संस्थायें-महाराष्ट्र मराठी, हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम महाकौशल विद्यालय एवं महाराष्ट्र कॉलेज,इन सभी संस्थाओं के समस्त पूर्व छात्रों से उपस्थिति की अपील की है। कार्यक्रम के पूर्व, संस्था की तीन शालाओं एवं महाविद्यालय के वर्तमान छात्र एवं छात्रायें एक जुलुस के माध्यम से आयोजन स्थान महारानी लक्ष्मीबाई उ. मा. विद्यालय प्रांगण में एकत्रित होंगे।

## 100 वर्ष पूर्ण होने पर मदन महल स्टेशन में लगी रेल विद्युतीकरण प्रदर्शनी

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे में विद्युतीकरण को 100 वर्ष पूर्ण होने पर रेलवे के टी.आर. डी. विभाग़ के कछपुरा डिपो द्वारा मदन महल स्टेशन के प्लेट फार्म न.-4 में प्रदर्शनी लगाई गई, प्रदर्शनी में बताया गया कि रेलवे के विद्युतीकरण के बारे में बताया गया उपस्थित अन्य रेल्वे विभाग के कर्मचारी एवं यात्रियों को प्रदर्शनी के माध्यम से टी. आर. डी. विभाग में उपयोग होने वाले (उपकरण) की जानकारी दी गई, डब्ल्यूसीआर में 100% विद्युतीकरण का लक्ष्य वर्ष 2020 में प्राप्त कर लिया है, विद्युतीकरण के कारण आत्म निर्भर भारत का लक्ष्य में प्राप्त कर लिया, डीजल इंजन के संचालन से होने वाला प्रदूषण विद्युतीकरण के कारण कम हुआ है। इस प्रदर्शनी में पीसीईई पमरे मुकेश, मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, सीईडीई/पमरे जगराम मीणा, डिप्टी सीईई/टीआरडी/पमरे चेतन गुलवानी, सीईटीई/पमरे विकास त्रिपाठी, सीईई/सी/पमरे मान सिंह मीणा, सीनियर डीईई (टीआरडी) संजय सिंह, सीनियर डीसीएम डॉ. मधुर वर्मा, सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा, डीईई (टीआरडी) गौरव तंतुवाय एवं वीरेन्द्र रघुवंशी, हिमांशु गुप्ता, सी. एल. मीना, एवं समस्त टी. आर. डी. स्टाफ उपस्थित रहे।



# स्वच्छता रखने झंडा बाजार के व्यापारियों को किया जागरुक

### दुकान की सामग्री सड़क तक न फैलाएं दुकानदार

**सिहोरा।** नगरपालिका द्वारा आईसी गतिविधि अंतर्गत वार्ड 5 एवं 6 में स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दुकानदारों को नीले एवं हरे डस्टबिन के उपयोग के लिये जागरूक किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में निकाय को नम्बर वन पर लाने के लिए नपा प्रशासन द्वारा लगातार स्वच्छता संबंधी कार्य किए जा रहे हैं साथ ही शहर की सुंदरता और सफाई कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसमें दुकानदार भी नगर पालिका के प्रयासों को सफल बनाने में लगे हुए हैं।




### डस्टबिन न रखने पर होगी कार्यवाही

अधिकारियों ने कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन न रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिये हैं। सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंककर कुछ लोग प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के अभियान को बट्टा लगा रहे हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए निकाय ने अभियान शुरू कर दिया है। सिहोरा नगर पालिका में टीमें अभियान चला रही हैं। कूड़े के साथ ही प्लास्टिक के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र ओझा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निकाय प्रशासन जोरशोर से तैयारियों में जुटा हुआ है। इसके बावजूद कुछ दुकानदार और रेहड़ी ठेली वाले डस्टविन का उपयोग न कर कूड़े को सार्वजनिक स्थलों पर फैंककर सारे प्रयासों पर बट्टा लगा रहे हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए अधिकारियों ने स्पष्ट आदेश दिये गये कि ऐसे लोगों एक बार चेतावनी दी जाए। अगर फिर भी न मानें तो चालान किए जाएं।

### स्वयं करनी होगी डस्टबिन की व्यवस्था

शहर की सफाई व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डस्टबिन का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी। अपने शहर को स्वच्छ बनाने में सभी का योगदान जरूरी है।

### झंडा बाजार में सड़क तक न लगायें दुकान

झंडा बाजार में सड़क के दोनों ओर दुकान की सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने के साथ यातायात अवरूद्ध करने वाले सभी दुकानदारों से उसे स्वयं हटाने एंव सामग्री को दुकान के अंदर रखने निर्देशित किया गया है। साथ ही उनसे अनुरोध किया गया है की वे झंडा बाजार को। स्वच्छ रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। साथ ही सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने के की भी अपील की गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा, सुशील कुमार वर्मा, शिवम तिवारी, संतोष तिवारी, गगन पटेल, अनंत राम नामदेव, अनिकेत तिवारी, मयंक जैन सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## 70 से अधिक पहलवान करेंगे जोर अजमाइश

### विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता आज 15 जनवरी से प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सायं 5.00 बजे होगा और इसके बाद प्रारंभिक मुकाबले शुरु हो जाएंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 17 जनवरी को होगा।



प्रतियोगिता का आयोजन रामपुर परिसर स्थित तरंग प्रेक्षागृह में आधुनिकतम गद्दों पर होगा। प्रतियोगिता में देश भर की पावर यूटिलिटी की 7 टीमों के भाग लेंगी। जो टीम भाग ले रहीं वे हैं- पिछली विजेता हरियाणा पावर ग्रुप, उपविजेता पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, हिमाचल पावर, टाटा पावर दिल्ली व मेजबान एमपी पावर। शामिल हैं।

## रविमोहन यादव की द्वतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन



**जबलपुर।** अधिवक्ताओं के हित के लिए सदा तत्पर रहने वाले कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री रवि मोहन यादव द्वारा सदा ही अधिवक्ताओं के हित में कार्य किया जाता था श्री रविमोहन द्वारा अधिवक्ताओं के हित में कई कार्य किए गए जिसमें एक वाक्य देश के इतिहास में पहली मर्तबा देखने सुनने में आया कि किसी कलेक्टर और कलेक्ट्रेट परिसर में बैठने वाले वकीलों के बीच बैठने की जगह को लेकर इतनी बड़ी जंग छिड़ी हो। मार्च 2014 में कलेक्ट्रेट परिसर से बैठकर आजीविका चलाने वाले वकीलों को हटाए जाने की सुगबुगाहट जोर पकड़ने लगी। ऐसे हालात में आक्रोशित वकील भी अपने समूह में कलेक्टर द्वारा बेदखली के फरमान के खिलाफ एकजुट होने लगे। जिसमें श्री रविमोहन यादव ने सभी वकीलों के साथ मिलकर न्यायालय का दरवाज़ा खट खटाया और विजय हासिल की जिससे अधिवक्ताओं को संबल मिला।




**श्री सुनील सेंगर-** हाथीताल निवासी श्री सुनील सेंगर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूनम राजपूत-** ओम टोरिया लालमाटी निवासी श्री जगदीश राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम राजपूत (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगत सिंह राजपूत-** गंगासागर गढ़ा रोड हनुमान के मंदिर के पास निवासी श्री भगत सिंह राजपूत (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी-** कांचघर छोटी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री मोहन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार माली-** अनुराधा कॉलोनी वाटर वक्र्स टेमर भीटा रोड निवासी श्री कृष्ण कुमार माली (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय सूरी-** अर्पण अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री संजय सूरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री श्रवण गूजर-** बगीचा नं. 92 गोरा बाजार निवासी श्री श्रवण गूजर (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल गोंड-** लालमाटी बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास निवासी श्री मुन्ना लाल गोंड (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विप्लव कांत गुहा-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री विप्लव कांत गुहा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमर सिंह पटेल-** मदनमहल आमनपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री अमर सिंह पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री फूल सिंह-** दत्त एनक्लेव सिविल लाइन निवासी श्री फूल सिंह (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला रानी भल्ला-** अशोक अपार्टमेंट मदनमहल निवासी श्री बरकत राम भल्ला की धर्मपत्नी श्रीमती विमला रानी भल्ला (99) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जुगल किशोर सराफ-** पुरानी बस्ती (कटनी) निवासी श्री जुगल किशोर सराफ (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुमार बेन-** फूटाताल उर्दू स्कूल के पास निवासी श्री अनिल कुमार बेन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनीष-** पचपेढ़ी रोड सिविल लाइन निवासी श्री मनीष (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय बंशकार-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री संजय बंशकार (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. रूपाली कतिया-** रेतनाका ग्वारीघाट निवासी श्री पप्पू कतिया की पुत्री कु. रूपाली कतिया (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुन्ना सिंह-** कटंगा केंट टीवी टावर के पास पीडबल्यूडी क्वाटर्स निवासी श्री कुन्ना सिंह (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# क्राइम वॉच

## रंगदारी वसूली नहीं देने पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत रामपुर यादव मोहल्ला में घर के बगल में अखाड़े के पीछे पुलिया के पास अपनी पत्नी के साथ आग ताप रहे एक युवक से एक बदमाश ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग की, रुपए देने से मना करने पर युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर यादव मोहल्ला निवासी 36 वर्षीय गोकुल कोरी गत रात लगभग 9.30 बजे अपनी पत्नी लता कोरी और बबला उर्फ अमजद के साथ घर के बगल में अखाड़े के पीछे पुलिया के पास आग जलाकर बैठा था, तभी जित्तू बेन आया और उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगा, उसने रुपए देने से मना किया तो गालीगलौज करते हुए पसली पर लाठी से हमला कर दिया और चाकू निकालकर पेट में मारने को हुआ तो उसने दोनों हाथों से चाकू पकड़ लिया, जिससे उसके दोनों हाथ व माथे में चाकू लगने से चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296, 118(1), 115(1), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## पुरानी रंजिश पर किया लाठी से हमला

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में किराना का समान लेने गए एक युवक से पुरानी रंजिश पर चार बदमाशों ने मारपीट कर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार धुआंधार निवासी 23 वर्षीय शनि ठाकुर गत रात लगभग 8.30 बजे किराना दुकान समान लेने गया था। दुकान के सामने किशन आदिवासी, सीताराम आदिवासी, सुक्कू आदिवासी और इंदू आदिवासी चारों पुरानी रंजिश पर उसके साथ गालीगलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर किशन ने लाठी से शनि के सिर पर हमलाकर घायल कर दिया औश्र सीताराम, सुक्कू और इंदू ने मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो चारों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## बाईक की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत बघौड़ा बायपास चौराहा के आगे पनागर में एक बाईक ने एक स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमे सवार एक शिक्षिका स्कूटी सहित नीचे गिरकर घायल हो गई। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी अमन विहार अधारताल निवासी 46 वर्षीय शिक्षिका श्रीमति नीलिमा नंदा गत दिवस शासकीय हाईस्कूल सरसंवा विद्यालय से छुट्टी होने के बाद अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसएन 0564 से घर लौट रही थी। शाम लगभग 5 बजे बघौड़ा वायपास चौराहा के आगे पनागर पहुंची तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम बी 6984 के चालक ने उसकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गिर कर घायल हो गई और उसके दोनों पैर, पीठ व पसली में चोटे आ गयी। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## नाले में गिरे चौकीदार की मौत

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र में नाला में गिरकर एक चौकीदार की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर वाधवा की गली सिविल लाईन निवासी 54 वर्षीय चौकीदार मनीष उर्फ मोनू गत रात लगभग 8.30 बजे राजकुमार अग्रवाल के प्लाट पर चौकीदारी के काम पर गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 5 बजे मोनू के साथ चौकीदारी का काम करने वाले राजू मसीह ने मोनू के भाई शरद कश्यप को सूचना दी कि, मोनू नाला में गिरा पड़ा है। सूचना पाकर उसका भाई शरद और चचेरे भाई के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि मनीष उर्फ मोनू नाली में गिरा पड़ा है जिसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## मोपेड में रखा मोबाईल चोरी

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत गोरखपुर एमआर कोठारी शोरुम के पास खड़ी पुनीत गुप्ता के एक्सिस वाहन में रखा मोबाइल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

खबर संक्षेप



## सरिता सिंह को पीएचडी अवार्ड

**जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, जबलपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर सरिता सिंह को सी.एस.आर. एण्ड इम्पैक्ट ऑफ गवर्नमेंट डिरेक्टिवेस विथ रिफरेन्स टू आई.टी. सेक्टर इम्प्लीमेंटेशन में ज्योति विद्यापीठ वीमेन यूनिवर्सिटी, जयपुर द्वारा पीएचडी प्रदान की गई, वे स्वर्गीय श्री विजय प्रताप सिंह एवं श्रीमती मीरा सिंह की सुपुत्री है। उन्होंने अपना शोध डॉ. मिनी अमित अरावतिया के निर्देशन में पूर्ण किया है।

## लोक निर्माण मंत्री का नगर आगमन

**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मंगलवार 14 जनवरी की देर रात 8 बजे नर्मदापुरम जिले के केसला से कार द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। श्री सिंह आज यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## एनजीटी में यूनियन कार्बाइड कचरा निस्तारण मामले की सुनवाई आज

**जबलपुर।** यूनियन कार्बाइड कचरा निस्तारण को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, भोपाल में दायर की गई जनहित याचिका की मंगलवार, 15 जनवरी को सुनवाई होगी। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के प्रांताध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव ने सवाल उठाया है कि यूनियन कार्बाइड कचरे के निस्तारण में नुकसान नहीं होगा, मप्र शासन यह स्पष्ट करे। यह भी बताए कि क्या कार्यवाही नियमानुसार हुई है। सरकार इस सिलसिले में शपथपत्र प्रस्तुत करे। यही नहीं वैज्ञानिक रिपोर्ट भी सार्वजनिक करे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सरकार को ऐसा करने के लिए निर्देश जारी करे।

## जनसुनवाई में आये 73 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों से 73 आवेदन प्राप्त हुये। अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गौड और अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई में आये नागरिकों से उनकी समस्यायें सुनी तथा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। जनसुनवाई में आये ज्यादातर प्रकरण नामांतरण, सीमांकन, अतिक्रमण, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने, निजी भूमि से कब्जा हटवाने, सीमांकन और पारिवारिक विवाद से सबंधित थे। जनसुनवाई में आये 35 ऐसे आवेदन भी प्राप्त हुये जो पूर्व की में आ चुके थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गौड ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को भी दिये।

## आयुर्वेद महाविद्यालय में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर। शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय गौरीघाट में मंगलवार को नवजात शिशु से लेकर 16 वर्ष की आयु तक में 278 बच्चों की स्वर्ण प्राशन किया गया। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा बेहतर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का निर्माण करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों का परीक्षण कर उनकी आयु के अनुसार अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण भस्म, गौ घृत एवं शहद से निर्मित स्वर्ण बिन्दु पिलाया गया। स्वर्ण बिन्दु की प्रत्येक बूंद में 1.6 मिलीग्राम स्वर्ण भस्म होता है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य एल.एल. अहिरवाल ने बताया कि संस्था में फरवरी 2014 से स्वर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम निरंतर चलाया जा रहा है। स्वर्ण प्रशन बालकों के वर्ण को निखारता है, पाचन को सुधारता है एवं शरीर और स्वास्थ्य दोनों के लिए बेहतर है।



# लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा व आस्था की डुबकी

## मकर संक्राति पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**जबलपुर। मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी मंगलवार को शहर में पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुण्य सलिला पावन मां नर्मदा के तटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार को नर्मदा के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई।**

भगवान सूर्य देव की उपासना के इस पर्व पर हवन पूजन और भंडारों के आयोजन भी हुआ। गौरीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में संक्रांति पर्व पर कड़ाके की ठंड के बावजूद नर्मदा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने तड़के 4 बजे से नर्मदा में डुबकी लगाना प्रारंभ कर दिया था। ज्यो-ज्यों दिन चढ़ता गया त्यों-त्यों नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। गौरीघाट और तिलवाराघाट में भीड़ का आलम यह था कि घाटों पर पैर रखने की जगह नहीं थी। सुबह 9 बजे से सुख सागर वैली के पास से ही वाहनों को रोक दिया गया था। जबकि चौपाया बड़े वाहनों को रेल्वे फाटक के पार नहीं जाने दिया गया। पुलिस ने रेतनाका, गौरीघाट बस स्टेण्ड और झंडाचौक में बैरीकेटिंग करके रखी थी।शनैः-शनैः मकर संक्रांति पर्व भी आधुनिकता में शामिल हो गया है। पहले नर्मदा तटों के किनारे बड़े-बड़े टेंट लगा करते थे और ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में बैलगाड़ियों में सवार होकर नर्मदा तटों की ओर भजन कीर्तन करते चले आते थे। गौधूलि बेला में बैलों के गले में पड़ी घंटियों की गूंज और उनके पैरों के खुर से उड़ती धूल मकर संक्रांति के आने की आहट सुना देती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। यद्यपि संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कूम्ही सतधारा (सिहोरा), बरमान (नरसिंहपुर), डिंडौरी (मण्डला) के नर्मदा तटों पर अभी भी मेले भरते हैं। पहले मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदा के बरमान घाट और जबलपुर के तिलवारा घाट का विशेष महत्व था। अब गौरीघाट, तिलवारा, लम्हेटा, भेड़ाघाट आदि सभी तटों पर मकर संक्रांति के मेले में लोग वाहनों से पहुंचकर स्नान ध्यान कर लौट पड़ते हैं। कभी यह मेला हफ्तों चला करता था। मकर संक्रांति पर्व पर तिल का लेप लगाकर स्नान करने और तिल व गुड़ से बनी वस्तुओं का दान और सेवन करने का विशेष महत्व है।

### दो किलोमीटर पैदल चलना पड़ा

भीड़ का आलम यह था कि वाहनों को गौरीघाट में रेतनाका के पहले सुखसागर वैली के पास ही रोक दिया गया। इसी प्रकार तिलवाराघाट में भी घाट से दो किलोमीटर पहले टेम्पो, ऑटो, कार, टैक्सी आदि चौपाया वाहनों को रोक दिया गया था। श्रद्धालुओं को 1 से 2 किलोमीटर तक पैदल चलकर घाट तक पहुंचना पड़ा। केवल निःशक्त लोगों को घाट तक पहुंचाने की सुविधा दी गई थी।

### घाटों में सुरक्षा के इंतजाम

जिला व पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने मकर संक्रांति पर घाटों मे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। घाटों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के अलावा स्थानीय गोताखोर और एसएएफ के तैराक मौजूद रहें। मोटर बोट से गोताखोर निगरानी करते रहे। वहीं सुरक्षा कानून व्यवस्था के लिये जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी।मकर संक्रांति पर्व पर सुबह से ही नर्मदा तटों की ओर श्रद्धालुओं का जाना प्रारंभ हो गया था। ठंड में सुबह 4 बजे से लोगों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। सूर्योदय के बाद भीड़ का बढ़ना प्रारंभ हुआ और दोपहर 12 बजे तक पावन नर्मदा नदी के तट गौरीघाट और तिलवाराघाट हाउसफुल हो गये थे। बहुत सारे लोग भीड़ को देखकर भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट की ओर मुड़ने लगे वहीं जो लोग हिम्मत हार गये या भीड़ से घबरा गये वे अपने घरों को लौट पड़े थे। देर शाम तक नर्मदा तटों पर भीड़भाड़ बनी रही। लोगों ने स्नान ध्यान कर तिल गुड़ से बने लड्डुओं का भोग लगाया और गरीबों को खिचड़ी दान की।

## पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जारी किए निर्देश

# डेयरी स्टेट के निर्माण को पूर्ण करने विजन डॉक्यूमेंट

**जबलपुर।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने प्रबंध संचालक डेयरी स्टेट को 3 जनवरी को पत्र भेजकर राज्य के प्रथम तथा एकमात्र डेयरी स्टेट के निर्माण को पूर्ण करने हेतु विजन डॉक्यूमेंट की अग्रिम कार्रवाई करने को कहा है। इसके पूर्व में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे ने इस संबंध में सुझाव कलेक्टर को भेजा था, इसी सिलसिले में प्रबंध संचालक डेयरी स्टेट को निर्देश जारी हुए है। डॉ. पीजी नाजपांडे ने कलेक्टर को बताया है कि उन्होंने परियट, गौर तथा नर्मदा नदी एवं राजकुमार शहर से डेयरियां हटाने के संबंध में वर्ष 1998 में मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी, इस संबंध में कलेक्टर जबलपुर ने दिनांक 24 अगस्त 2014 में ग्राम खम्हरिया में डेयरी स्टेट के लिए भूमि आवंटित की है। बाद में डेयरी स्टेट का उद्घाटन दिनांक 24 फरवरी 2022 में किया गया, लेकिन इन 3 वर्षो में वहां पर डेयरी स्थापित नहीं की गई हैं, जबकि जबलपुर तथा आसपास में 350 डेयरियां स्थापित है।



### नर्मदा नदी प्रदूषित होने का खतरा

परियट तथा गौर नदियों का जल डेयरियों के गंदगी से प्रदूषित हो गया है। यही जल नर्मदा में जा रहा है। अतः नर्मदा नदी के जल को भी भारी खतरा है। इसके बावजूद भी डेयरियां शिफ्ट होने की कार्रवाई नहीं होने से भारी आक्रोश है। विभिन्न संगठनों ने जनआंदोलन की घोषणा की है। इस अवसर पर रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, वेदप्रकाश अधौलिया, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, उमा दाहिया, माया कुशवाहा, जीएस सोनकर, यूएस गोटिंया, एनडी सोनकर आदि उपस्थित थे।

# मां मुझे टैगोर बना दे

## एकल रंगमंच कलाकार लकी गुप्ता की मार्मिक प्रस्तुति

**जबलपुर।** जम्मू के रंगमंच कलाकार लकी गुप्ता ने म.प्र. विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल रामपुर जबलपुर में अपनी एक घंटे की मार्मिक एकल प्रस्तुति ''मां मुझे टैगोर बना दे'' समाप्त की, तो स्कूल के तमाम विद्यार्थियों की ऑखों में ऑसू थे और स्कूल प्रबंधन व सभी शिक्षिकाएं अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने का असफल प्रयास कर रही थी। लगभग सभी रूमाल से ऑसू पोंछ रहे थे। दर्शकों को यह समझने में कुछ समय लगा कि उन्हें तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अपनी प्रशंसा व्यक्त करनी चाहिए। मोहन भंडारी की पंजाबी कहानी से प्रेरित इस हिंदी नाटक का श्री लकी गुप्ता पूरे भारत में 1500 से ज्यादा प्रदर्शन कर चुके है, और इस एकल प्रदर्शन के लिए उन्होंने पूरे भारत की यात्रा कर बच्चे की बेबसी पर आधारित पटकथा ली है। म.प्र. विद्युत महिला मंडल की अध्यक्षा डॉ अंजना तिवारी ने भावपूर्ण मार्मिक इस प्रस्तुति के बाद लकी गुप्ता का अभिनंदन और स्वागत करते हुये उन्हें एक अद्भुत कलाकार बताया। उन्होंने कहा कि अपने असाधारण अभिनय से श्री गुप्ता बच्चों को प्रेरित करते है, कि कैसे जिंदगी को जिया जाये।



# विकसित तकनीकों को खेतों तक पहुंचाने पर जोर

**वैज्ञानिक प्रो. हाण्डा ने किया अनुसंधान परियोजना का निरीक्षण**

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, में कृषि वानिकी के प्रमुख वैज्ञानिक प्रो. ए.के.हाण्डा, सेंट्रल एग्रोफोरेस्ट्री रिसर्च इंस्टीट्यूट झांसी, द्वारा जनेकृविवि के अंतर्गत संचालित कृषि वानिकी परियोजना का निरीक्षण किया गया। डॉ. हाण्डा ने परियोजना में संचालित कृषि एवं कृषक हितैषी अनुसंधान की सराहना की। इस दौरान संचालक अनुंसंधान सेवाएं, डॉ. जी.के.कौतु, विभागाध्यक्ष वानिकी विभाग, डॉ. राकेश बाजपेयी, परियोजना के प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. एस.बी.अग्रवाल एवं विभाग के वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता छात्र एवं छात्राओं के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें परियोजना द्वारा विकसित तकनीकों को कृषकों के खेतों तक पहुंचाने पर बल दिया गया, साथ ही डॉ. हाण्डा द्वारा छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने हेतु शोधपत्र प्रकाशित करने की सलाह दी।

इस अवसर पर शोध छात्र संजय सिंह, कमल सिंह, अलंक्रिता शाह, कोमल भट्ट व अन्य छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# 'कॉलेज चलो अभियान' का पोस्टर रिलीज

## जिले के शासकीय, अशासकीय कॉलेजों के प्राचार्यो की बैठक

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन के निर्देशानुसार ई-प्रवेश सत्र 2025-26 प्रकिया के पूर्व 'कॉलेज चलो अभियान' सत्र 2025-26 का संचालन किया जा रहा है। शासन की मंशानुसार कॉलेज चलो अभियान के सफल क्रियावयन हेतु मंगलवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर प्रेक्षागृह (हॉल) में जबलपुर जिले के शासकीय/अशासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि 'कॉलेज चलो अभियान' शासन की महती योजना है। जिसका उददेश्य 12वीं के बाद विद्यार्थी उच्च शिक्षा हेतु अग्रसर हो एवं महाविद्यालय में शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभावित हो।

प्रो. अरुण शुक्ल, नोडल अधिकारी "कॉलेज चलो अभियान" ने आज बताया कि 'कॉलेज चलो अभियान' सत्र 2025-26 का पोस्टर रिलीज किया गया। बैठक में डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. रश्मि बुनकर, डॉ. गुले ए नगमा, डॉ. मीनाक्षी मरावी, डॉ. सुनीता सिंह, साहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य बैठक में उपस्थित रहें।




# कृषि अधिकारियों ने किया कृषि केन्द्रों का निरीक्षण

**जबलपुर।** कृषि अधिकारियों द्वारा आज मंगलवार को मझौली तहसील के अंतर्गत बचैया रोड स्थित साहू कृषि केंद्र एवं पंकज कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया तथा कमियाँ पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा रवि आम्रवंशी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे.एस. राठौर उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान साहू कृषि केंद्र में एक्सपायरी डेट की कीटनाशक दवाओं की कुल 25 बॉटल पाई गई एवं पंकज कृषि केंद्र में बिल बुक नहीं पाए गई। इसके साथ ही दोनों कृषि केंद्रों में स्टॉक रजिस्टर, मूल्य सूची एवं लायसेंस प्रदर्शित होना नहीं पाया गया।

निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों द्वारा साहू कृषि केंद्र को एक्सपायरी डेट की कीटनाशक दवाओं को केन्द्र से अलग रखने

### कमियाँ पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

एवं संबंधित कम्पनियों को वापस करने के निर्देश दिये गये। साथ ही पंचनामा बनाकर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया, जिसका जबाव तीन दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जवाब संतोषप्रद न पाये जाने पर कृषि अधिकारियों द्वारा लायसेंस निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों द्वारा पंकज कृषि केंद्र को तीन दिनों के भीतर आवश्यक सुधार कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये।

# 2047 को दृष्टिगत रखते हुये जिले की कार्ययोजना बनाएं-कलेक्टर श्री सक्सेना

## कलेक्टर ने विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देशफोटो जनसंपर्क

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले के विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 को दृष्टिगत रखते हुये जिले की कार्ययोजना बनाएं। इसमें अलग-अलग क्षेत्र में और क्या बेहतर हो सकता है उसको देखें।साथ ही अन्य जगहों पर किए गए नवाचारों का अनुसरण भी करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि चूंकि यह विकसित भारत के साथ-साथ विकसित मध्यप्रदेश की कार्य योजना है, अतः भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें। उन्होंने कहा कि समय के साथ लोगों की सोच बदलती है इसलिए वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की परिस्थितियों को देखते हुए विजन बनाएं।जिसमें शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार, व्यक्तित्व निर्माण, सभी क्षेत्रों में कार्य की प्रतिबद्धता लाने व लोगों को दक्ष करने के संबंध में समाज के विचारवान लोगों से सुझाव लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि रोजगार और व्यापार, किसान,गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण के साथ अन्य विषयों पर भी सुझाव लिये जाए,ताकि इस दिशा में कार्य कर मध्यप्रदेश को एक विकसित प्रदेश के रूप में बनाने अपना योगदान दे।

## जनसंवाद कार्यक्रम 16 को

**जबलपुर।** विकसित मध्य प्रदेश<\@>2047 विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने गुरूवार 16 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि जनसंवाद के इस कार्यक्रम में अलग-अलग माध्यम से प्राप्त नागरिकों की आकांक्षाओं, विचारों और प्राथमिकताओं पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ विचार किया जायेगा तथा उनके सुझावों के आधार पर जबलपुर का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जायेगा।

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH
I, SONI DEVI W/O Army No. 14664112P Rank NK NAME Prem Purushottam Choudhary, presently residing at Vill-Meghpur, P.O-Meghpur, TEH- Sursand, Police Station-Sursand Dist- Sitamarhi, State- Bihar Pin-843331, I have changed of my name And Date of Birth from Name SONI DEVI And Date of Birth 21/10/1985 (name And Date of Birth as per my Husband army service records) to name SONI CHOUDHARY And Date of Birth 01/01/1984 (name And Date of Birth as per my AADHAR CARD & PAN CARD) vide Affidavit dated in 13/01/2025 Formerly before Public notary ANAND MOHAN CHOUDHARY JABALPUR And Place Of Court.
CORRRECT NAME-SONI CHOUDHARY
INCORRRECT NAME-SONI DEVI
CORRRECT DOB-01/01/1984
INCORRRECT DOB-21/10/1985

नाम सुधार सूचना
मैं, राहुल चौदहा पिता श्री अशोक चौदहा निवासी प्रोफेसर कॉलोनी पाटन रोड मढ़ाताल जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित कथन करता हूँ। 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। 2. यह कि मेरा नाम राहुल चौदहा ( RAHUL CHOUDAHA ) है, यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की अंग्रेजी में स्पेलिंग त्रुटिवश राहुल चौहदा (RAHUL CHAUDHA) हो गयी है जो कि सही नहीं है। 3. मेरे आधार कार्ड एवं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राहुल चौदहा (RAHUL CHOUDAHA) लिखा हुआ है जो कि सही है। 4. यह कि राहुल चौदहा (RAHUL CHOUDAHA) और राहुल चौहदा (RAHUL CHAUDHA) एक ही व्यक्ति है। जो कि मेरे ज्ञान और समझ में सही है यह कि मुझे अपने पासपोर्ट में राहुल चौदहा (RAHUL CHOUDAHA) लिखवाना है।

## हवाई अड्डे पर 1.41 करोड़ का सोना जब्त



**नई दिल्ली**। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.41 करोड़ रुपए मूल्य का सोना जब्त किया गया है। इस सिलसिले में आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया गया है। बहरीन से आने के बाद दंपति को हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। सोने को पुरुष यात्री द्वारा ले जाए जा रहे ट्रॉली बैग के अंदर चांदी के रंग के धातु के छिपाया गया था।

## बस से टकराई जीप, महिला समेत तीन की मौत

**जयपुर**। राजस्थान के गंगानगर जिले में सोमवार की सुबह एक सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक जीप सामने से आ रही रोडवेज की बस से जा टकराई। हादसे में जीप में सवार गुरचरण सिंह, बादल सिंह व स्वर्णजीत कौर की मौत हो गई। दो व्यक्ति हादसे में घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है।

## विदेशी मुद्रा की तस्करी, म्यांमा के दो नागरिक गिरफ्तार

**आइजोल**। दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में म्यांमा के दो नागरिकों को लगभग 1.48 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा की तस्करी के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। तस्करी की गतिविधियों के बारे में सूचना उपरांत असम राइफल्स तथा मिजोरम पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया।

# मारे गए चार नक्सलियों पर था 15 लाख का इनाम

### मारी गई महिला माओवादी की नहीं हुई शिनाख्त













हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एसएलआर, बीजीएल लांचर, 315 रायफल, पाइंट 22 रायफल व भरमार बंदूक समेत विस्फोटक बरामद

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया स्थित बंदेपारा-कोरंजेड के जंगल में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में मारे गए चार माओवादियों की शिनाख्त हो गई है। इन पर 15 लाख का ईनाम घोषित था। वहीं मुठभेड़ में मारी गई एक महिला माओवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से एसएलआर, बीजीएल लांचर, 315 रायफल, पाईंट 22 रायफल व भरमार बंदूक समेत भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सली सामग्री बरामद किया है।

### मारे गए माओवादी मद्देड़ व गंगालूर थाना क्षेत्र के

*मारे गए माओवादियों में 8 लाख का ईनामी रैनु हेमला 30 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर क्षेत्र का निवासी है। वहीं अन्य नक्सलियों में 5 लाख की ईनामी ज्योति ताती ग्राम तोड़का थाना गंगालूर क्षेत्र की निवासी है। वहीं मारा गया 1 लाख का ईनामी मिलिशिया कमाण्डर रमेश एचाम ग्राम बंदेपारा थाना मद्देड क्षेत्र तथा 20 हजार रुपए का ईनामी मिलिशिया प्लाटून सदस्य ग्राम बंदेपारा थाना मद्देड़ क्षेत्र का रहने वाला है।*

# भारत ने बांग्लादेश को उसी की भाषा में दिया जवाब, डिप्टी हाई कमिश्नर तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- सीमा पर बाड़बंदी का विरोध कर रहे बांग्लादेश को दो टूक...

बांग्लादेश में जबरन तख्तापलट के बाद तेजी से तनावपूर्ण होते हालातों के बीच बढ़ती अवैध घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए बीएसएफ द्वारा सीमा पर जारी कंटीली तारों की बाड़बंदी का विरोध कर रहे बांग्लादेश को सोमवार को भारत ने कड़ी फटकार लगाई है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के नई दिल्ली में तैनात कार्यकारी उप-उच्चायुक्त नूरल इस्लाम को समन भेजकर दोपहर दो बजे राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में तलब किया और मामले पर सख्त हिदायत दी।



### सीमा पार अपराधों से मिलकर निपटें

भारत ने बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त के समक्ष अपराध मुक्त सीमा के गठन के लिए सीमा पार आपराधिक गतिविधियों, तस्करी, अपराधियों और तस्करों की गतिविधियों जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत सीमा पर कंटीली तारों की बाड़ लगा रहा है।

### बांग्लादेश के साथ पड़ती 4,156 किमी सीमा

*भारत की बांग्लादेश के साथ कुल करीब 4 हजार 156 किलोमीटर सीमा पड़ती है। इसमें से 3 हजार किलोमीटर से अधिक के इलाके में भारत ने बाड़बंदी का काम पूरा कर लिया है। अब वह बाकी बची हुई पांच जगहों जैसे चपैनवाबगंज, नौगांव, लालमोनिरहाट और तीन बीघा कॉरिडोर पर इस काम को आगे बढ़ा रहा है।*

## मुथूट फाइनेंस लगातार चौथे साल बना भारत का सबसे बेहतरीन कार्यस्थल

**नई दिल्ली**। भारत की नंबर 1 सबसे विश्वसनीय वित्तीय सेवा ब्रांड, मुथूट फाइनेंस ने लगातार चौथी बार प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है, जो इसे देश के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में से एक के रूप में मान्यता देता है। यह सम्मान मुथूट फाइनेंस की विश्वास, मूल्यों और लोगों-केंद्रित सिद्धांतों पर आधारित संगठन बनाने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन कार्यस्थल संस्कृति और कर्मचारी संतुष्टि के लिए एक वैश्विक मानक है। मुथूट फाइनेंस की इस सम्मान को बार-बार प्राप्त करने की सफलता इस बात का प्रमाण है कि कंपनी ने एक ऐसा वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जहाँ कर्मचारी सम्मानित, मूल्यवान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित महसूस करते हैं।




### पीएम ने किया शुभारंभ, बोले-मोदी अपने वादे पूरे करेगा

# जेड मोड़ सुरंग शुरू, अब चीन-पाक के छूटेंगे पसीने

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर में जेड मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। इस सुरंग के बनने से लद्दाख जाना-आना अब पहले से आसान हो जाएगा, साथ ही साथ भारतीय सेना के लिए यह सुरंग काफी फायदेमंद साबित होगी। अब सर्दियों के मौसम में भारी बर्फबारी के कारण हाईवे को बंद नहीं होगा। हमारी सेना पूरे साल इस सुरंग का इस्तेमाल कर सीमावर्ती इलाकों तक पहुंच सकती है। इससे पाकिस्तान और चीन के पसीने छुटेंगे। अब हमारे जवान हर पल सीमा पर तैनात रहेंगे।

### सुरंग के अंदर गए प्रधानमंत्री

सुरंग का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री इसके अंदर गए और परियोजना से जुड़े अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने उन निर्माण श्रमिकों से भी मुलाकात की, जिन्होंने सुरंग का निर्माण पूरा करने के लिए कठिन परिस्थितियों में काम किया।

### महज 15 मिनट में 12 किमी की यह दूरी



इस सुरंग को जेड मोड़ सुरंग इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि यह अंग्रेजी के अक्षर जेड के आकार की है। इस सुरंग के बनने के बाद अब 12 किलोमीटर की दूरी घटकर 6.5 किलोमीटर में सिमट गई है। इस दूरी को पूरा करने में महज 15 मिनट का समय लगेगा। अब किसी को भी यहां से गुजरते समय हिमस्खलन की वजह घंटों हाइवे पर फंसे रहने का डर नहीं होगा।

### 6.5 किलोमीटर लंबी दो लेन वाली सुरंग

मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच बनाई गई 6.5 किलोमीटर लंबी दो लेन वाली सुरंग में आपात स्थिति के लिए समानांतर 7.5 मीटर चौड़ा निकासी मार्ग भी है। यह सुरंग दो दिशाओं के यातायात के लिए होगी। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह सुरंग भूस्खलन और हिमस्खलन वाले मार्गों से अलग लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को बढ़ाएगी।




## सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट प्रोग्राम घोषित

**जबलपुर**। अकादमिक संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट (एसईटी) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (एसआईटीईई) 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी।

# बुजुर्ग भाई-बहन का कत्ल

### वारदात से क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

- पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक विशेषज्ञ पहुंचे मौके पर

नगर में कोतवाली के नजदीक अज्ञात तत्वों ने बुजुर्ग महिला व पुरुष की हत्या कर दी। हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों की पहचान सीताराम जायसवाल (70) और उनकी बहन अन्नपूर्णा जायसवाल (68) के रूप में हुई है। लेकिन आरोपी समाचार लिखे जाने तक पकड़े नहीं गए हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराने हटरी मार्केट में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। बीते रविवार की रात 12 से 12:30 बजे के बीच कोतवाली के नजदीक दो बुजुर्ग भाई-बहन की बेरहमी से हत्या कर दी गई। महिला की लाश घर के आंगन की गली में पड़ी मिली, जबकि बुजुर्ग का शव घर के अंदर मिला। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। हत्या की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सील कर दिया। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। घटनास्थल पर आईपीएस आकाश शुक्ला खुद जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंच चुके हैं।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में रात के समय दो संदिग्धों के फुटेज मिले हैं, लेकिन उनके चेहरे स्पष्ट नहीं दिख रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। इलाके के लोग इस घटना से दहशत में हैं। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि हत्या में दो लोगों के शामिल होने की संभावना है। हालांकि, हत्या के पीछे के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है।



### सकते में है शहर

नगर में घटित इस दोहरे हत्याकांड ने पूरे शहर को सकते में डाल दिया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर इतनी बेरहमी से हत्या किस वजह से की गई। पुलिस की जांच जारी है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या शहर की सुरक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर हो गई है कि अपराधी इतनी आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाएं?

### पंजाब-हरियाणा, राजस्थान ठिठुरा

## शीतलहर से कांप रहा उत्तर भारत कई राज्यों में सर्दी से बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली**। उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में शीतलहर का दौर जारी है। कई राज्यों में घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला-बदला है। कई जगह बारिश से गलन बढ़ गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में कोहरे का असर नजर आया।

### पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी

पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार में एक बार फिर ठंड की वापसी करा दी है। शीतलहर ने लोगों को घर में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। लोग जगह-जगह अलाव जलाकर हाथ सेकते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक घाटी में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 15 जनवरी को बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## एंजेल वन ने धोखाधड़ी करने वालों के प्रति किया सचेत

**मंबई**। कंपनी एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों को एंजल वन के नाम का दुरुपयोग करने वाले और इसके वरिष्ठ अधिकारियों का रूप धारण कर धोखाधड़ी करने वाले सोशल मीडिया समूहों के बढ़ते प्रचलन के बारे में चेतावनी दी है। कंपनी ने पाया है कि सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एंजल वन से जुड़े होने का झूठा दावा करते हुए कई अनधिकृत समूह बनाए जा रहे हैं। कंपनी ने ऐसे धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि फर्जी लोग व्हाटसएप और टैलीग्राम में कंपनी का और अधिकारियों का नाम भ्रामक तरीके से उपयोग कर रहे है।








### आवश्यकता

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9899306231 (रायपुर /18 /जनवरी 25)

आवश्यकता है - जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 35,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 8602999284 (भोपाल /15 /जनवरी 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।





## शब्द पहेली - 5748



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5747 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5759

✱ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5758 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |




## ओटीटी पर रिलीज होगी 'द ग्रेटेस्ट राइवलरी इंडिया बनाम पाकिस्तान'

**मुंबई।** 'द ग्रेटेस्ट राइवलरीः इंडिया बनाम पाकिस्तान' की रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी गई है। यह एक नई डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो भारत और पाकिस्तान के बीच की पुरानी क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और कहानी पर आधारित होगी। क्रिकेट पर आधारित इस सीरीज का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 7 फरवरी को किया जाएगा। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर आधिकारिक पोस्टर के साथ यह खबर शेयर की है और साथ ही लिखा, 'दो नेशन, एक एपिक राइवलरी, 1.6 बिलियन दुआएं। 7 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर आने वाली द ग्रेटेस्ट राइवलरीः इंडिया बनाम पाकिस्तान में एक अनोखी विरासत के रोमांच को देखें।'

लाइफ Style

# श्रद्धा

## क्या यही है उनका सच्चा प्यार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, जब रविवार को मुंबई में किसी काम से बाहर निकलीं तो उनके मोबाइल के वॉलपेपर को पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। श्रद्धा के वॉलपेपर पर उन्हीं के साथ एक शख्स की तस्वीर नजर आई, जिसे लेकर अब प्रशंसक लगातार कयास लगा रहे हैं कि आखिर यह खास शख्स कौन है।

सोशल मीडिया पर श्रद्धा कपूर से ज्यादा उनके मोबाइल के वॉलपेपर की चर्चा हो रही है। श्रद्धा के प्रशंसकों को यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर वह कौन खास शख्स है, जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने मोबाइल के वॉलपेपर पर अपने साथ लगा रखी है। श्रद्धा के मोबाइल के वॉलपेपर पर उनके साथ किसी शख्त का क्लोजअप साफ दिखाई दे रहा है, जिस पर अब श्रद्धा के प्रशंसक लगातार कमेंट कर रहे हैं। श्रद्धा कपूर के वॉलपेपर पर लगी इस खास तस्वीर को लेकर प्रशंसकों में से कुछ का कहना है कि कहीं यह उनके कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी तो नहीं हैं। इस दौरान श्रद्धा ने गुलाबी जैकेट और नीले रंग की लेगिंग के साथ फ्लैट्स पहने हुए कैजुअल लुक में दिखाई दीं। श्रद्धा ने कोई मेकअप नहीं किया था और अपने बालों को बांध रखा था, जब श्रद्धा अपनी कार की ओर बढ़ी तो उनके मोबाइल का वॉलपेपर साफ दिखाई दिया, जिसमें उनके साथ किसी लड़के की तस्वीर साफ दिखाई दी। श्रद्धा के प्रशंसक लगातार उनके मोबाइल के वॉवपेपर पर अपने कमेंट लगातार कर रहे हैं। कई प्रशंसकों का कहना है कि यह फोटो में दिख रहा व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि श्रद्धा कपूर के कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी जैसा दिखता है।



हॉलीवुड मसाला



## बदली अपने शो की रिलीज डेट

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स की आग धीरे-धीरे सब कुछ तबाह करती जा रही है। जंगल की आग ने उद्योग पर काफी गहरा प्रभाव डाला है, जिसके चलते कई पुरस्कारों और समारोहों को टाल दिया गया है। निर्माताओं के साथ गिल्ड ने आग के प्रभावों के कारण रविवार को अपने नामांकन की घोषणा ना करने का फैसला लिया। वहीं, अभिनेत्री मेघन ने अपने लाइफस्टाइल नेटफ्लिक्स शो को मार्च तक के लिए टाल दिया है। डचेस ऑफ ससेक्स मेघन मार्कल ने लॉस एंजिल्स के जंगल में लगी आग के चलते अपनी नई नेटफ्लिक्स सीरीज के रिलीज को टाल दिया है।



## पीड़ितों की मदद के लिए आगे आईं बेयोंसे...

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी विजेता बेयोंसे लॉस एंजिल्स में लगी भयानक आग से प्रभावित जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सामने आई हैं। उन्होंने अपनी चैरिटी फाउंडेशन के जरिए लोगों के फिर से घर बसाने में मदद की है, जिसके लिए उन्होंने करोड़ों रुपए दिए हैं। डेस्टिनीज चाइल्ड के सदस्य के रूप में प्रसिद्ध बेयोंसे की चैरिटी फाउंडेशन लॉस एंजिल्स में अल्ताडेना और पासाडेना में लगी आग से प्रभावित परिवारों को 2.5 मिलियन डॉलर यानी 21 करोड़ 60 लाख रुपए का दान दिए हैं। इससे पहले वॉल्ट डिज्नी कंपनी, पैरामाउंट और फॉक्स कॉर्प ने भी पीड़ितों के परिवारों की मदद की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वॉल्ट डिजनी कंपनी ने पीड़ित लोगों के राहत और पुनर्निर्माण के लिए 15 मिलियन अमरीकी डॉलर देने का वादा किया है, जबकि पैरामाउंट और फॉक्स कार्प ने अमेरिकन रेड क्रॉस और लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 6 करोड़ 5 लाख रुपए दान किए हैं।



## 'भूत बंगला' में नजर आएंगी तब्बू ...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खुलासा किया कि वह निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म भूत बंगला में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के पोस्ट के साथ उन्होंने क्लैप बोर्ड की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हम यहां बंद हैं।.'। इस फिल्म में तब्बू के अलावा अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। तब्बू की इस फिल्म को देखने के लिए आपको 2026 का इंतजार करना पड़ेगा। 2022 में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 2 में तब्बू ने डबल रोल निभाया था। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में तब्बू ने मंजूलिका और अंजूलिका का किरदार निभाकर हर किसी को हैरान कर दिया था। तब्बू इस फिल्म में अंजूलिका के किरदार में जितनी खूबसूरत दिखीं, वहीं उन्होंने मंजूलिका के किरदार से सभी को डराया।




## करण-अर्जुन की रिलीज को हुए 30 साल

**नई दिल्ली।** 13 जनवरी 1995 को राकेश रोशन द्वारा निर्देशित फिल्म करण अर्जुन रिलीज हुई थी। इसकी रिलीज को पूरे 30 साल हो गए हैं। रिलीज के 30 सालों बाद भी यह फिल्म प्रशंसकों की पसंदीदा फिल्मों में से एक है, क्योंकि इसमें शाहरुख खान और सलमान खान की जोड़ी ने दिल जीत लिया था। तीन दशक पहले दो सुपरस्टारों को एक साथ फिल्म करण-अर्जुन में पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ देखा था। करण-अर्जुन ने रिलीज के बाद से 10 महीनों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया। फिल्म में शाहरुख और काजोल पर्दे पर वापस आए और उसी साल दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे भी रिलीज हुई, जिसके बाद से ही काजोल-शाहरुख की ऑनस्क्रीन जोड़ी प्रशंसकों की पसंदीदा जोड़ी बन गई।

टीवी मसाला



## 'बिग बॉस 18' से बाहर निकलते ही अविनाश पर भड़कीं चाहत...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18' से बाहर होते ही चाहत पांडे ने अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह पृपर जमकर निशाना साधा। चाहत ने कहा कि अविनाश के बिना ईशा कुछ भी नहीं हैं और वह उनके लिए नौकर की तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद को ईशा सिंह से ज्यादा योग्य मानती हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह घर में होतीं तो ईशा को बाहर जाना चाहिए था। चाहत ने यहां तक कहा कि अविनाश मिश्रा के बिना ईशा सिंह का कोई अस्तित्व नहीं है। अविनाश ही उनके लिए सब कुछ करते हैं। चाहत ने दावा किया कि अविनाश ईशा के कपड़े प्रेस करते हैं और उनके लिए नाश्ता भी बनाते हैं। वह एक नौकर जैसे काम करते हैं। चाहत पांडे और अविनाश मिश्रा के बीच के विवादों ने शो में कई बार सुर्खियां बटोरी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों एक-दूसरे को डेट भी कर चुके हैं। साथ ही, दोनों 'नथ जेवर या जंजीर' सीरियल में एक साथ काम भी कर चुके हैं। चाहत के साथ-साथ इस हफ्ते मिड-इविक्शन में श्रुतिका अर्जुन का भी सफर खत्म हुआ और वह भी घर से बाहर हो गईं। फिनाले वीक से पहले इन दोनों कंटेस्टेंट्स का बाहर जाना शो के दर्शकों को चौंका गया है। इस शो का ग्रैंड फिनाले भी नजदीक आ चुका है। 19 जनवरी को इस शो के विजेता के नाम से पर्दा उठ जाएगा।

### शायली की जिंदगी में भूचाल बनकर आया स्टॉकर

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का शो 'उड़ने की आशा' अपनी दमदार कहानी और अभिनय के चलते दर्शकों का पसंदीदा बना हुआ है। शो में सचिन के किरदार में कंवर ढिल्लन और शायली के किरदार में नेहा हरसोरा ने शानदार काम किया है। यह शो सचिन और शायली की शादी के बाद के जीवन और चुनौतियों को दर्शाता है। शो टीआरपी चार्ट पर भी छाया हुआ है। इसके हालिया प्रोमो में शायली एक ऐसी मुश्किल में फंस जाती है, जो उसे खुद के लिए खड़े होने के लिए मजबूर करती है। प्रोमो में काफी इंटेंस मोमेंट देखने को मिलता है। दरअसल, शायली का पीछा एक स्टॉकर करता है, जिस पर रेणुका ने उसे सलाह दिया कि शायली को अपनी दुकान बंद कर देनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं फिर से ना हों। शायली ने तुरंत इसका विरोध किया और ऐसा करने से मना कर दिया और कहा कि इस तरह का उत्पीड़न और पीछा करना समाज की एक कठोर सच्चाई है, जिसका सामना कई महिलाएं रोजाना करती हैं। वह इस बात पर जोर देती है कि यह एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन हार मान लेना और डर में जीना इसका हल नहीं है। शायली ने खुद के लिए एक स्टैंड लिया है और जो सही है उसके लिए खड़ी हुई है।



## सिनेमाघरों में फिर आ रही 'बरेली की बर्फी'

**नई दिल्ली।** राजकुमार राव, आयुष्मान खुराना और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'बरेली की बर्फी' साल 2017 में रिलीज हुई थी। अब करीब आठ साल बाद एक बार फिर यह फिल्म सिनेमाघरों का रुख कर रही है। इसे री-रिलीज किया जा रहा है। सोमवार 13 जनवरी को निर्देशक अश्विनी तिवारी अय्यर और जंगली पिक्चर्स ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फिल्म की री-रिलीज की सूचना दी है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा किया है, जिस पर आयुष्मान, राजकुमार राव और कृति सेनन नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हो रही है। पोस्ट के साथ मेकर्स ने लिखा है, 'इस वैलेंटाइन पर प्यार और दोस्ती का जश्न मनाइए। हमारी बर्फियों से अपनी जिंदगी में मिठास लाइए'! बरेली की बर्फी सिनेमाघरों में फिर आ रही है। इस फिल्म के री-रिलीज होने की जानकारी पर यूजर्स के दिलचस्प कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यह तो कभी भी देखी जा सकने वाली फिल्म है, यानी कंफर्ट फिल्म'।



## हीरो बनने का अपना सपना रह गया अधूरा लेकिन, इंडस्ट्री को दिए कई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज निर्माता-निर्देशक शक्ति सामंत कलाकार बनने का सपना लेकर मायानगरी आए थे। उनका ये सपना तो पूरा नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने सिनेमा को जरूर कई सुपरस्टार दिए। उनका जन्म 13 जनवरी, 1926 को बंगाल के बर्धमान जिले के एक छोटे से गांव में हुआ। शक्ति यूं तो हीरो बनने का सपना लेकर मुंबई आए थे। लेकिन, उनका यह सपना अधूरा ही रहा। दिलचस्प बात ये है कि अपना सपना अधूरा रहने के बावजूद उन्होंने सिनेमा को कई सुपरस्टार दिए और खुद बन गए स्टारमेकर। शम्मी कपूर से लेकर राजेश खन्ना तक, उन्होंने कई सुपरस्टार दिए। आइए जानते हैं उनके बारे में..

शक्ति सामंत का इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं था। न ही वे किसी फिल्मी पृष्ठभूमि से मायानगरी आए। सिनेमा को लेकर उनके अंदर सिर्फ एक चीज थी और वो थी शौक। जब वे मुंबई हीरो बनने आए तो उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने शुरुआत में एक स्कूल टीचर की नौकरी भी की। फिर 1948 में उन्हें फिल्मों में पहला ब्रेक मिला, लेकिन यह ब्रेक बतौर एक्टर नहीं, बल्कि असिस्टेंट डायरेक्टर मिला। सतीश निगम राज कपूर के साथ सुहाने दिन नाम की एक फिल्म बना रहे थे, उन्होंने शक्ति सामंत को अपना असिस्टेंट रख लिया था। कुछ समय बतौर असिस्टेंड निर्देशक काम करने के बाद उन्होंने स्वतंत्र निर्देशक काम करना शुरू किया।



***सिनेमा के शौकीनों को दिया देश का पहला पोस्टर ब्वॉय :*** शक्ति सामंत ने आराधना, अमर प्रेम, कश्मीर की कली, बरसात की रात, आनंद आश्रम, हावड़ा ब्रिज, कटी पतंग और अमानुष जैसी कालजयी फिल्में बनाईं। हिंदी सिनेमा के शौकीनों ने जिस पहले सितारे के पोस्टर अपने घरों में लगाने शुरू किए, उसका नाम है शम्मी कपूर। देश के इस पहले पोस्टर ब्वॉय को सुपरस्टार बनाने वाले फिल्ममेकर शक्ति सामंत ही थे।

### इंडस्ट्री को मिला पहला सुपरस्टार

शक्ति सामंत के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'बहू' थी। फिल्म में ऊषा किरण, शशिकला, प्राण और करण देवन भूख्य भूमिकाओं में थे। यह बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। इसके बाद उन्होंने इंसपेक्टर (1956), शीरू (1956), डिटेक्टिव (1957) और हिल स्टेशन (1957) जैसी हिट फिल्में बनाईं। इंडस्ट्री को पहला सुपरस्टार देने का श्रेय भी शक्ति सामंत को जाता है। सिनेमा का पहला सुपरस्टार यानी राजेश खन्ना। राजेश खन्ना की चारों सुपरहिट फिल्में- आराधना, आनंद आश्रम, अमर प्रेम और कटी पतंग उन्होंने ही बनाईं। 'आराधना' राजेश खन्ना के कॅरियर की पहली सुपरहिट फिल्म थी, जिसने उन्हें रातोंरात सुपरस्टार बना दिया।

### कहीं प्यार तो कहीं जीवन से निराशा दूर करने के लिए दिखाई गई पतंगबाजी

## ढील दे दे रे भैया... इन फिल्मों में दिखी पतंगबाजी की धूम

***नई दिल्ली।*** *मकर संक्रांति का त्योहार 14 जनवरी को मनाया जा रहा है। इस दौरान पतंगबाजी करने का चलन है। सिनेमा में इस त्योहार को अलग-अलग तरीके से सेलिब्रेट किया जाता रहा है। कहीं प्यार का इजहार करने के लिए पतंगबाजी का इस्तेमाल हुआ है तो कहीं जीवन से निराशा दूर करने के लिए फिलॉस्फी के तौर पर पतंगबाजी दिखाई गई है। भारतीय सिनेमा में धार्मिक पर्वों और त्योहारों कीअहमियत काफी रही है। तकरीबन सभी प्रमुख त्योहार फिल्मों की कहानियों का हिस्सा रहे हैं। कभी कहानी को कोई अहम मोड़ देने के लिए तो कभी दृश्यों में रंग भरने के लिए त्योहारों का जश्न पर्दे पर मनाया जाता रहा है। मकर संक्रांति के मौके पर ऐसी ही फिल्मों का जिक्र यहां कर रहे हैं, जिनमें इस पर्व की धूम देखने को मिली।*



**हम दिल दे चुके सनम :** संजय लीला भंसाली की फिल्म हम दिल दे चुके सनम हिंदी सिनेमा की क्लासिक फिल्मों में मानी जाती है। इस फिल्म में सलमान खान और ऐश्वर्या राय के बीच की शानदार केमिस्ट्री आज भी याद की जाती है। फिल्म में भंसाली ने 'ढील दे दे रे भैया' गाने में पतंग उड़ाने के त्योहार को शानदार ढंग से दिखाया है।



**1947- अर्थ :** दीपा मेहता की 1947 की फिल्म पार्टीशन पर आधारित थी। फिल्म में, रुत आ गयी रे गाने के दौरान ने दिखाया कि कैसे देशवासी अलग मतों के बावजूद त्योहार (मकर संक्रांति) के दौरान एकजुट होते हैं। पीरियड रोमांस ड्रामा फिल्म का निर्देशन दीपा मेहता ने किया है। यह बापसी सिधवा के नॉवेल क्रैकिंग इंडिया पर आधारित है।



**काय पो चे :** अभिषेक कपूर ने काय पो चे में मकर संक्रांति सहित कई त्योहारों का प्रदर्शन किया है। उन्होंने मांझा टाइटल से एक पूरा गाना इस त्योहार को समर्पित किया है। लेकिन, इस गाने में जिंदगी को लेकर गहरी बात की गई है। यह सुशांत सिंह राजपूत की पहली फिल्म थी।




**पतंग :** 2012 में आई प्रशांत भार्गव निर्देशित पतंग की कथाभूमि अहमदाबाद शहर है। पतंगबाजी प्रतियोगिता की पृष्ठभूमि में इस फिल्म फिल्म की कहानी एक परिवार के सदस्यों के संबंधों को दिखाती है। डॉक्यूमेंट्री अंदाज में शूट की गई फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सुगंधा गर्ग और मुकुंद शुक्ला ने अहम किरदार निभाये थे।

**रईस :** शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'रईस' में पतंगबाजी की बैकग्राउंड में उड़ी उड़ी जाये गाना दिखाया गया है, जो 2017 में मकर संक्रांति पर रिलीज किया गया था। राम संपत ने इसका संगीत दिया था। जावेद अख्तर के बोलों को सुखविंदर सिंह, भूमि त्रिवेदी और करसन सगाठिया ने आवाजें दी थीं। गाना शाह रुख और माहिरा खान पर फिल्माया गया था।

**रश्मि रॉकेट :** 2021 की फिल्म रश्मि रॉकेट की एक अहम सीक्वेंस मकर संक्रांति त्योहार दौरान दिखाई गई है, जब एक पतंग का पीछा करते हुए रश्मि के तेज दौड़ने का पता चलता है। इस स्पोर्ट्स फिल्म में तापसी पन्नू ने लीड रोल निभाया था।

**ये खुला आसमान :** 2013 की इस फिल्म में पतंगबाजी के जरिए जीवन का पाठ पढ़ाया गया है। अविनाश स्कूल में खराब प्रदर्शन की वजह से डिप्रेशन में आ जाता है और ब्रेक लेकर अपने दादा के पास जाता है। अविनाश के दादा अपने जमाने के बेहतरीन पतंगबाज होते हैं। इस हुनर के जरिए वो अविनाश को समझाते हैं। गीतांजलि सिन्हा निर्देशित फिल्म में रघुवीर यादव ने दादा का रोल निभाया था।

**गबरू गैंग :** 'गबरू गैंग' फिल्म पतंग उड़ाने पर बनी पहली फीचर फिल्म है। इस फिल्म की कहानी पतंगबाजी प्रतियोगिता से जुड़ी हुई है। इस फिल्म में जबरदस्त ड्रामा, थ्रिल और एंटरटेनमेंट देखने के मिलता है। इस फिल्म का प्रॉडक्शन अशोक गोयनका और आरती पुरी ने किया था। फैंस ने इस फिल्म को खूब प्यार दिया।

# क्रिकेट के वो दिग्गज खिलाड़ी जो वनडे डेब्यू में रहे जीरो, फिर लगाया रनों का अंबार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

किसी भी खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू करना बहुत बड़ी बात होती है। हालांकि, वह पहले मैच में खाता खोले बिना पवेलियन लौट जाए तो इससे दुःखद कुछ नहीं हो सकता। हालांकि, कई ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो 1 मैच की असफलता को भूलाकर आगे बढ़ते हैं और सालों तक खेलते हैं। इसके अलावा ढेर सारे रन भी बनाते हैं।



## मास्टर ब्लास्टर कहलाए सचिन तेंदुलकर

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपना पहला वनडे साल 1989 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। बारिश के कारण यह मुकाबला 16 ओवर का हुआ था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 87/9 का स्कोर बनाया था। जवाब में सचिन नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आए थे और खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए थे। उन्हें वकार यूनुस ने आउट किया था। सचिन भारत के लिए 463 वनडे मैच खेले और 18,426 रन बनाने में सफल रहे।

## सचिन, धोनी, धवन पहले वनडे में खाता खोले बिना ही लौटे थे पवेलियन

## शिखर धवन दूसरी गेंद पर क्लीन बोल्ड

भारतीय टीम का एक और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज शिखर धवन अपने पहले वनडे में खाता खोले बिना आउट हो गया था। 2010 में भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ था। 3 वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए कंगारू टीम ने 289/3 का स्कोर बनाया था। धवन ने 2 गेंद का सामना किया और शून्य पर आउट हो गए। उन्होंने इसके बाद वनडे करियर में 167 मैच में 44.11 की औसत से 6,793 रन बनाए थे।







## सिर्फ एक ही गेंद खेल पाए थे धोनी

भारतीय टीम को वनडे और टी-20 विश्व कप जीता चुके पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी अपने पहले वनडे में खाता खोले बिना पवेलियन लौटे थे। साल 2004 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ उस मुकाबले में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। नंबर-7 पर धोनी को बल्लेबाजी करने का मौका मिला था और वह 1 गेंद खेलने के बाद रनआउट हो गए थे। धोनी भारत के लिए 350 वनडे खेले और 10,773 रन बनाने में सफल रहे।

## शून्य पर आउट हुए रैना ने खेले 226 वन डे

भारतीय टीम के एक और पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना इस सूची में हैं। उन्होंने पहला वनडे मुकाबला साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। उस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205/9 का स्कोर बनाया था। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने आए रैना खाता खोले बिना मुथैया मुरलीधरन की गेंद पर आउट हो गए थे। भारतीय टीम यह मुकाबला नहीं जीत पाई थी। रैना ने भारत के लिए 226 वनडे मैच खेले और 5,615 रन बनाए थे।

---

## खबर संक्षेप



### मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को हराया

केपटाउन। मुंबई इंडियंस केपटाउन ने बेतवे एसए 20 लीग में पार्ल रॉयल्स को 33 रन से हराकर इस सत्र में अपने मैदान पर पहली जीत दर्ज की। तीसरे सत्र में एमआई केपटाउन के पहले घरेलू मैच में खचाखच भरे स्टेडियम में टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रीजा हेंडरिक्स ने 37 गेंद में 59 रन बनाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने सात विकेट पर 172 रन का अच्छा स्कोर बनाया। हेंडरिक्स का रासी वान डेर डुसेन ने बखूबी साथ निभाया और 33 गेंद में 43 रन की पारी खेली। दोनों ने 54 गेंद में 78 रन की साझेदारी की। इसके बाद डेलानो पोटगीटर ने 18 गेंद में 29 रन बनाये।

### रोहित ने मुंबई रणजी टीम के साथ किया अभ्यास



मुंबई। खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया। सैंतीस वर्ष के रोहित आस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाये और सिडनी में पांचवें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह अभ्यास सत्र में भाग लिया। मुंबई को 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के पहले मैच में जम्मू कश्मीर से खेलना है। रोहित ने आखिरी बार मुंबई के लिये 2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। उन्होंने टीम के प्रदर्शन की समीक्षा के लिये रविवार को एक बैठक में भाग लिया था जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर और बीसीसीआई के नये सचिव देवजीत सैकिया भी मौजूद थे।

### कर्नाटक के खिलाफ पंजाब से रणजी मैच खेलेंगे गिल



नई दिल्ली। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के मैच में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिये खेलेंगे। गिल ने आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों में सिर्फ 93 रन बनाये और उनका सर्वोच्च स्कोर 31 रन रहा। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला में 1-3 से पराजय झेलनी पड़ी। पंजाब की टीम का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार गिल ने अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। श्रृंखला के दौरान भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि लाल गेंद के क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता दिखाने के लिये सीनियर खिलाड़ियों को रणजी क्रिकेट खेलना चाहिए। गिल ने आखिरी बार 2022 में रणजी ट्रॉफी खेला था जब वह अलूर में मध्यप्रदेश के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में उतरे थे।

---

**क्रिकेट :** राजकोट के सौराष्ट्र स्टेडियम में खेला जाएगा मैच

# तीसरा वनडे आज : आयरलैंड को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶ राजकोट

भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम आयरलैंड महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला आज 15 जनवरी बुधवार को राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को दूसरे वनडे में भी हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

भारतीय टीम का इरादा अब क्लीन स्वीप करने का है। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है और इस लय को कायम रखना चाहेगी।

## मंधाना और प्रतीका की जोड़ी पर नजरें

चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक जमाने पर होंगी। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरूआत दी है। दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिये 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद लगातार अच्छा फॉर्म जारी रखा है।



## हरलीन और जेमिमा भी शानदार लय में

हरलीन देयोल ने भी 89 रन की अहम पारी खेली। भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाये जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रोड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया। रोड्रिग्स ने कहा यह अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। शुरूआत में मैंने काफी संयम दिखाया जो काफी सकारात्मक था क्योंकि मेरे लिये क्रीज पर डटे रहना जरूरी था। मैं रन तो बना रही थी लेकिन क्रीज पर टिककर खेल नहीं पा रही थी। मुझे खुशी है कि आज ऐसा कर सकी।

## शेफाली-हरमन की कमी पूरी कर रहीं तेजल

अनुभवी बल्लेबाज तेजल हसबिस ने भी वापसी करते हुए अर्धशतक जमाया। शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत जैसे बिग हिटर्स की गैर मौजूदगी में प्रतीका जैसे नये खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पक्की की।

## गेंदबाजी के मामले में थोड़ी ढीली है भारतीय टीम

भारतीय गेंदबाजी चिंता का सबब रही और टीम घरेलू हालात में लगातार विकेट लेने में नाकाम रही जिससे आयरलैंड को पिछले मैच में सात विकेट पर 254 रन बनाने का मौका मिला। भारत को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की कमी खल रही है। पूजा वस्त्राकर की चोट ने मुश्किलें और बढा दी हैं। दीप्ति शर्मा ने अब तक चार विकेट लिये हैं लेकिन प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे और टिटास साधू प्रभावित नहीं कर सकीं हैं।

**भारत:** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे।

**आयरलैंड:** गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्जेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मैगुइरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल। मैच सुबह 11 बजे शुरू होगा।

---

## आईसीसी

# बुमराह - ऐनाबेल ने जीता प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने दिसंबर 2024 के लिए भारतीय दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता। दूसरी महिला वर्ग में इस बार यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को मिला।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में झटके थे 22 विकेट

*बुमराह ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए थे। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट की 9 पारियों में 13.06 की औसत के साथ सर्वाधिक 32 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के चलते ही बुमराह टेस्ट प्रारूप में सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे।*

---

## मुक्केबाजी

# जामवाल ने स्वर्ण जीता, सेना को लगातार तीसरा टीम खिताब






एजेंसी ▶▶ बरेली

हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में वेल्टरवेट (60 से 65 किलो) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना ने लगातार तीसरी बार टीम खिताब अपने नाम किया। मौजूदा चैम्पियन शिवा थापा और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराने वाले जामवाल ने फाइनल में रेलवे के अमित को मात दी।

सेना ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह, ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह और पूर्व विश्व चैम्पियन स्वीटी बूरा मौजूद थे।

# तनीषा और ध्रुव ने भारत की उम्मीदें मिश्रित युगल में जगाई

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने भविष्य में बैडमिंटन के इस वर्ग में भारत के लिये उम्मीदें जगाई है। ज्वाला गुट्टा और वी दीजू भारत की सर्वश्रेष्ठ मिश्रित युगल टीम थी जो विश्व रैंकिंग में छठे स्थान तक पहुंचे थे। उनके संन्यास के बाद सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन फिर सात्विक ने चिराग शेट्टी के साथ पुरूष युगल पर फोकस करने के लिये अलग होने का फैसला किया।

## हमने व ध्रुव ने कुछ टूर्नामेंट साथ खेले : तनीषा

तनीषा ने कहा ,'हमने ओलंपिक से पहले कुछ टूर्नामेंटों में साथ खेला और इस साझेदारी में काफी संभावनायें दिखी। मुझे लगता है कि हम दोनों के लिये यह साझेदारी शुरू करने का फैसला सही था। उन्होंने कहा ध्रुव काफी प्रतिभाशाली मिश्रित युगल खिलाड़ी हैं। उसे खेल की काफी समझ है और हम दोनों एक दूसरे के साथ शानदार जोड़ी बना सकते हैं।

# बोपन्ना-बेरियेंतोस की जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

## आस्ट्रेलियाई ओपन



दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कंबोडिया के उनके नये जोड़ीदार निकोलस बेरियेंतोस की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। बोपन्ना और बेरियेंतोस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जाउमी मुनार ने 7-5, 7-6 से हराया।

बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरूआत की और शुरूआती गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई। स्पेनिश जोड़ी ने अहम ब्रेक प्वाइंट बनाकर पहला सेट जीता। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन टाइब्रेकर में स्पेनिश जोड़ी ने जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल भी पहले दौर में चेक गणराज्य के थॉमस माचाक से हारकर बाहर हो गए।

# पत्नी को संग ले जाने वाले क्रिकेटरों के लिए नियम किए गए और सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से बीसीसीआई ने अपने सख्त तेवर दिखाए हैं और प्लेयर्स पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है।

भारतीय टीम के खिलाड़ियों के खेल का रिव्यू करने के बाद कारणों पर चर्चा की गई और कुछ नियमों को भी लागू करने का फैसला लिया गया है। भारतीय टीम के खिलाड़ी विदेश दौरे पर अपनी पत्नियों और परिवार के सदस्यों को लम्बे समय तक नहीं रख पाएंगे। इसके लिए कुछ दिनों का निर्धारण किया गया है। अतिरिक्त समय प्लेयर्स को अकेले ही रहना होगा और फोकस भी खेल पर रहेगा।



## कड़े फैसलों पर एक नज़र

अगर टूर्नामेंट 45 दिनों के लम्बे समय के लिए है, तो परिवार के सदस्यों को सिर्फ 14 दिनों तक ही खिलाड़ियों के साथ रहने की अनुमति होगी। अगर दौरा थोड़ा छोटा है, तो दिनों की संख्या कम करते हुए 7 हो सकती है। पूरे टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की पत्नियाँ साथ में नहीं रह सकती हैं। सभी प्लेयर्स को टीम बस में ही सफर करना होगा। अभी कोई अपनी गाड़ी से आ रहा है, तो कोई किसी अन्य साधन से आ रहा है। ऐसा पहले नहीं होता था। गौतम गंभीर के पर्सनल मैनेजर को वीआईपी बॉक्स में बैठने की अनुमति नहीं होगी। उनको टीम बस में जाने की अनुमति भी नहीं होगी। उनको अलग होटल में ही ठहरना होगा। अगर प्लेयर्स के सामान का वजन 150 किलोग्राम से ज्यादा होता है, तो बीसीसीआई अतिरिक्त चार्ज नहीं देगी। प्लेयर्स को खुद ही इसका भुगतान करना पड़ेगा।

---

## भारत-इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज 22 से, वनडे सीरीज 6 फरवरी से

# पिछले 40 साल से इंग्लैंड ने भारत में नहीं जीती वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 6 फरवरी से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। इससे पहले 22 जनवरी से 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए यह वनडे सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। खिलाड़ियों को तैयारी करने का भरपूर मौका मिलेगा। भारत में होने वाली इस सीरीज को इंग्लैंड हर हाल में जीतना चाहेगी। वे 40 साल से भारतीय सरजमीं पर एक भी वनडे सीरीज नहीं जीत पाए हैं।

## आखिरी बार कब जीती थी इंग्लैंड ने सीरीज?

इंग्लैंड ने भारतीय सरजमीं पर पहली वनडे सीरीज 1981-82 में खेली थी, जिसमे उसे 2-1 से हार मिली थी। इसके बाद 1984-85 में 5 मैचों की सीरीज को इंग्लैंड ने 4-1 से जीता, जो उसकी एकमात्र सीरीज जीत है। फिर 1992-93 और 2001-02 में हुई 6-6 मैचों की सीरीज 3-3 से बराबर रही। इसके बाद 2005-06 में भारत ने 5-1, 2008-09 और 2011-12 में 5-0, 2012-13 में 3-2, 2016-17 और 2020-21 में 3 मैचों की सीरीज को 2-1 से जीता।

## भारत में इंग्लैंड का प्रदर्शन

भारतीय सरजमीं पर इंग्लैंड ने 75 वनडे मुकाबले खेले हैं। टीम को 29 मैचों में जीत और 45 में हार का सामना करना पड़ा है। 1 मैच टाई पर समाप्त हुआ है। इंग्लैंड का भारत में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 366 रन रहा है। सबसे छोटा स्कोर 125 रन है। दोनों टीमों के बीच भारत में 10 सीरीज हुई है।

## इंग्लैंड के इन बल्लेबाजों ने भारत में किया है अच्छा प्रदर्शन

इंग्लैंड के लिए भारतीय में सबसे ज्यादा रन केविन पीटरसन ने बनाए हैं। उन्होंने 26 मैच में 2 बार नाबाद रहते हुए 46.66 की औसत से 1,120 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 8 अर्धशतक निकले थे। सक्रिय बल्लेबाजों में जो रूट का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 16 मैच की 15 पारियों में 40.78 की औसत से 572 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 6 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 82 रन है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No./PWD-16/PRO No.494 **निविदा सूचना** Dated 14/01/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_395436_1 Date-22/01/2025 | संजय गांधी वार्ड अंतर्गत पार्षद जी के निवास से कल्लू के मकान तक सड़क सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंषा) | 02 माह 6.24 लाख | 2000/- 6249/- | 05/02/2025 |
| 2 | 2025_UAD_395436_2 Date-22/01/2025 | संजय गांधी वार्ड अंतर्गत आजाद नगर गली नं. 03 में एम-20 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंषा) | 02 माह 4.20 लाख | 2000/- 4204/- | 05/02/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर




## जनहित याचिका में उठा सवाल : हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 16 जनवरी को

# आवासीय निर्माण की भूमि पर कैसे बना लिया बहुमंजिला अस्पताल

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका और हस्तक्षेप आवेदन के जरिए आवासीय निर्माण की भूमि पर बहुमंजिला अस्पताल बनाए जाने के रवैये को चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ के समक्ष मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को नियत की गई है।

जनहित याचिकाकर्ता शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बारी व हस्तक्षेपकर्ता प्रशांत वैश्य की ओर से अधिवक्ता अंशुल तिवारी पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि राजधानी भोपाल की ई-3/1, अरेरा कालोनी स्थित फ्रैक्चर अस्पताल कठघरे में रखे जाने योग्य है। लिहाजा, इसे गिराए जाने का आदेश जारी किया जाना चाहिए। निर्माणकर्ता के पास आवासीय



अनुमति है, जिसके विपरीत उसने कमर्शियल निर्माण करने की गलती की है।

अधिवक्ता तिवारी ने अवगत कराया कि मामला हाई कोर्ट पहुंचने के बाद आरटीआई एक्टिविस्ट प्रशांत वैश्य के आवेदन पर राज्य शासन ने सीएमएचओ जबलपुर, डा. संजय मिश्रा को प्राधिकारी नियुक्त कर भोपाल के सीएमएचओ से जानकारी प्राप्त करने की जिम्मेदारी सौंप दी है। जिसके पालन में पत्र भेजकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने की मांग की गई है।

### भोपाल विकास योजना को तहस-नहस कर दिया

जनहित याचिका व हस्तक्षेप आवेदन में आरोप लगाया गया है कि डा. शशांक अग्रवाल, डा. कमलेश कुमार वर्मा और डा. संदीप शर्मा ने इस अस्पताल का निर्माण सुनियोजित तरीके से किया है। दरअसल, पहले आवासीय मकान बनाया गया, जिसे अचानक अस्पताल में बदलने की चालाकी की गई। इससे लगी रोड की चौड़ाई 40 फीट से कम है। भवन में नियम से अधिक तल क्षेत्र अनुपात व भू आच्छादित क्षेत्र (ग्राउंड कवरेज) है और न्यूनतम खुला क्षेत्र (एमओएस) व पार्किंग उपलब्ध नहीं है। अस्पताल के मरीजों के लिए भवन से लगी आसपास की जगह में कोई सार्वजनिक पार्किंग स्थल भी उपलब्ध नहीं है। इन सब कारणों से अस्पताल को अधिभोग परिवर्तन की तथा संस्थागत भवन का निर्माण करने व उसमें अस्पताल संचालन करने की अधिकारिता नहीं है लेकिन संस्थागत भवन निर्माण हेतु संचालक टीएनसीपी से विकास अनुज्ञा नहीं लिए जाने से भोपाल विकास योजना को अस्पताल मालिकों ने मनमाने तरीके से तहस-नहस कर दिया है।

पार्किंग एवं अग्नि सुरक्षा के लिए विहित स्थल पर और विहित से 30 प्रतिशत से अधिक किए गए अवैध निर्माण का प्रशमन (कंपाउन्डिंग) नहीं किए जाने से वह ध्वस्त करने योग्य है। भवन का निर्माण इस प्रकार से किया गया है कि अप्रशमन योग्य निर्माण को तोडने पर पूरा भवन ही तोड़ना पड़ेगा। इसलिए उक्त अवैध निर्माण को वैध करना नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के बाहर है। पार्किंग न होने से रोड पर वाहन खड़े होने, आसपास के क्षेत्र में आवागमन बाधित होने से अस्पताल अनुपयुक्त व असुविधाजनक बनने से वहां पर अस्पताल संचालन होने पर मरीजों, स्टाफ व अटेंडेट के लिए अहितकर, जोखिम भरी जानलेवा स्थिति बन गई है लेकिन नगर निगम के आला अफसर मूकदर्शक बने हुए हैं।

#### पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी सहित अन्य को नोटिस जारी

## हाई कोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में तलब की केस डायरी

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई न होने के आरोप को गंभीरता से लिया। इसी के साथ केस डायरी तलब कर ली। साथ ही पुलिस अधीक्षक हरदा, थाना प्रभारी छीपाबड़ सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। याचिकाकर्ता हरदा निवासी रंजुबाई विश्नोई की ओर से दलील दी गई कि लक्ष्मी नारायण, राहुल, देवराम, हेमंत, और मुकेश मालाजी विश्नोई ने याचिकाकर्ता के पति प्रवीण विश्नोई पर प्राणघातक हमला किया था। गोली याचिकाकर्ता के पति प्रवीण विश्नोई के बाएं कंधे पर लगी थी। पुलिस ने धारा 109, 115(2), 296, 351(2), 191(2), 191(1) और 190 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया था।

याचिकाकर्ता की पत्नी रंजुबाई ने पुलिस द्वारा शिकायत पर ठोस कार्रवाई न किए जाने पर पुलिस अधीक्षक हरदा और आईजी नर्मदापुरम संभाग को लिखित शिकायत दी थी। इसके बावजूद आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर रंजुबाई ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

#### भोपाल के मणप्पुरम गोल्ड लोन मामले में सहायक प्रबंधक को मिली जमानत

## नहीं हुआ सोना चोरी, फर्जी लोन के माध्यम से हुआ था फर्जीवाड़ा

**जबलपुर।** भोपाल स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी में लगभग साढ़े चार करोड़ का फर्जीवाड़ा करने के आरोप में सहायक प्रबंधक को हाई कोर्ट से राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल घगट की एकलपीठ ने आरोपित को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया है। रायसेन निवासी अजय पाल सिंह की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता भोपाल स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी के इंद्रपुरी कार्यालय में सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ था। तत्कालीन प्रबंधक व प्रकरण में आरोपित संजय सैनी व अन्य ने फर्जी तरीके से गोल्ड लोन खाते खोले और राशि का उपयोग स्वयं के लिए किया। उसका गोल्ड लोन जारी करने तथा सोना की निगरानी में कोई भूमिका नहीं थी। आवेदक की ओर से कहा गया कि क्राइम ब्रांच भोपाल में सोना चोरी करने के रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तत्कालीन बैंक मैनेजर संजय सैनी ने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर स्वर्ण लोन का नाम पर फर्जीवाड़ा किया था। सोना रखे बिना ही लोगों के नाम पर स्वर्ण लोन जारी कर दिया गया। इसके बाद उक्त रकम आनलाइन जुए में हार गया। सिर्फ बीमा राशि प्राप्त करने के लिए सोना चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आवेदक की गोल्ड लोन जारी करने तथा गोल्ड की निगरानी में कोई भूमिका नहीं थी। इसके अलावा आवेदक तीन मार्च, 2024 से न्यायिक अभिरक्षा में और प्रकरण में न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत हो गया है। शासकीय अधिवक्ता की ओर से जमानत अर्जी का विरोध किया गया। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद आवेदक को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया।

## जुआ, सट्टा, शराब के अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 53 पाव देशी, अंग्रेजी, 25 लीटर कच्ची शराब, 2 चाकू और जुआड़ियों और सटोरियों से नगदी 4 हजार 365 रुपए जब्त किए है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 4 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 96 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 10 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 4 गैरम्यादी, 30 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 12 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 53 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 25 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 4 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 4 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया जुआडियो एवं सटोरियो के कब्जे से 4 हजार 365 रूपये जप्त किये गये।

### तस्कर से 4 किलो गांजा

**जबलपुर।** संजीवनी नगर पुलिस एवं क्राईम ब्रांच की साझा टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर अंधमूक बाईपास ब्रिज के नीचे पिठ्ठू बैग टांगे खड़े एक संदिग्ध युवक के गांजा तस्कर होने की शंका पर उसे अभिरक्षा में लेकर उसके बैग की तलाशी के दौरान 4 किलो 38 ग्राम गांजा जब्त कि या गया। जिसकी कीमत 80 हजार रूपये बतायी गई है। आरोपी युवक पर 8, 20 एनडीपीएस के तहत कार्यवाही कर गांजा के संबंध में पूछताछ की जा रही है। संजीवनी नगर थाना प्रभारी बीडी द्विवेदी ने बताया कि कल क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि अंधमूक बाईपास पर एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की खुराक में खड़ा है। संजीवनी नगर पुलिस व क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दीतो मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पिठ्ठू बैग लिए अंधमूक बाई पास ब्रिज के नीचे खड़ा दिखा। नाम पूछने पर आरोपी तस्कर ने अपना कुदवारी गोहलपुर निवासी किशोर तिवारी बताया। किशोर के बैग की तलाश के दौरान दो पैक्टों में रखा 4 किलो 38 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी तस्कर किशोर तिवारी पर 8, 20 एनडीपीएस की कार्यवाही कर उसे अभिरक्षा में लिया।

#### संजीवनी नगर में घटना को लेकर पशुप्रेमियों में आक्रोश, पुलिस में शिकायत

## मकान में आग लगने से 10 पालतू डॉग्स की मौत



हरिभूमि जबलपुर।

संजीवनी नगर में गत रविवार की देर शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक मकान में अचानक आग लगने से यहां पालतू 10 डॉग और कुछ पक्षियों की जलकर मौत हो गई। इस मामलें पर एक संस्था ने संज्ञान लेकर संजीवनीनगर थाने में लिखित शिकायत दी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त घर पर कोई नहीं था। मकान में रहने वाली महिला किसी काम से घर से बाहर गई थी। उसका कहना है कि किसी ने शरारतपूर्ण घटना को अंजाम दिया है वहीं दूसरी और नगर निगम फायर बिग्रेड का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया है। उधर संजीवनी नगर पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है। इस दुर्घटना का दुखद पहलू यह है कि दस पालतू डॉग और कुछ पक्षियों की जलकर मौत हो गई। जबकि दो डॉग गंभीर रूप से झुलस गए। वही घर मे रखा घर गृहस्थी का सामान भी जलकर राख हो गया।

घटना के संबंध संजीवनीनगर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रेक के पास किराए के मकान में रहने वाली कलकत्ता निवासी काजल कुंडू यहां कोचिंग क्लास चलाती थी। रविवार की शाम वह घर से किसी काम से बाहर गई थी उसी दौरान घर पर आग लग, जिसमें 10 डॉग जलकर मर गए, वहीं दो डॉग बुरी तरह झुलस गए, कुछ पक्षियों के जलने की भी खबर है। पशु प्रेमी आयुषी श्रीवास्तव ने संजीवनीनगर थाने में इस घटना की लिखित शिकायत की है कि और बताया है कि घटना कुछ संदिग्ध प्रतीत हो रही है। घटना के बाद उस मकान में रहने वाली महिला 24 घंटे के अंदर कलकत्ता चली गई, जिससे संदेह हो रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डॉग और पक्षियों की मौत हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर ने कहा कि प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हालांकि, काजल कुंडू का आरोप है कि यह घटना किसी साजिश के तहत हुई है और किसी ने जानबूझकर आग लगाई है। पड़ोसियों का कहना है कि महिला अपने जानवरों के प्रति काफी संवेदनशील थी और उन्हें परिवार की तरह देखती थी। घटना के बाद से काजल बेहद सहमी हुई हैं और उन्होंने कोलकाता लौटने का फैसला किया है। वहीं, इस घटना ने पशु प्रेमियों को गहरा आघात पहुंचाया है। एक स्थानीय पशु प्रेमी दीपमाला ने कहा कि इस मामले में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि दोषियों को सजा मिल सके। पड़ोसी आशीष सिन्हा ने बताया कि महिला हमेशा अपने जानवरों की देखभाल में लगी रहती थी, और यह घटना बेहद दुखद है।




## शहर शीतलहर की गिरफ्त में

# बर्फीली हवाओं का सितम पारा 6 डिग्री पर लुढ़का



हरिभूमि जबलपुर।

पारे में आई गिरावट से जनजीवन कांप उठा। सुबह तेज शीतलहर चलने से ठण्ड से राहत नहीं मिली और शाम ढलते ही लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। पश्चिमी विक्षोप के कारण जम्मू काश्मीर में बर्फबारी हो रही है। उत्तर की दिशा से आ रही बर्फीली तेज हवाओं की रफ्तार ने पारे की अकड़ निकाल दी है। और ठण्ड ने अपना जलवा बिखेर दिया। इस सीजन में कल दूसरी बार पारा 6 डिग्री पर आ गया। उत्तर से आ रहीं वर्फीली हवाओं ने शहर को हिलाकर रख दिया। मौसम विभाग के मुताबिक 2-3 दिन अभी शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। सुबह के वक्त हवा में नमी ज्यादा होने के कारण भोर की पहली पहर कोहरे की चादर से ढकी रही। कोहरा छंटने के बाद आसमान में बादलों की लुकाछिपी का खेल चलता रहा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक हिमाचल व जम्मू काश्मीर में हुई बर्फबारी के बाद जबलपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश के इलाकों में ठण्ड बरकरार रही। पिछले दो दिनों से मौसम शुष्क बना हुआ है, शीतलहर कहर बरपा रही है। बर्फीली हवाओं के सामने धूप भी अपना असर नहीं दिखा सकी। सूर्यास्त के बाद ठण्ड के तेवर और तीखे हो जाते हैं। सर्द हवाओं के झोंके लोगों को घरों में दुबकने विवश कर देते हैं। रात 10 बजे के बाद सड़कें वीरान होने लगती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि दो-तीन दिन अभी ठण्ड का कहर जारी रहेगा, इसके बाद तापमान धीरे-धीरे औसत पर आ आएगा। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 06.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 62 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.46 बजे हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 26.02 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240